2 page 1_01.qxd 11/1/2023 8:53 PM Page 1



जजपा के साथ सरकार ...... P8


# दैनिक भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की




किसान संगठित होकर लड़े अपने हकों की लड़ाई... P8

वर्ष:1 ■ अंक: 54 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादकः सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ गुरुवार ■ 2 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117


हरियाणा दिवस के मौके पर अंत्योदय परिवारों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बड़ी सौगात

# 3.5 लाख कर्मियों को मिलेगी कैशलेस हेल्थ सुविधा

### आयुष्मान चिरायु हरियाणा योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का किया शुभारंभ

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़ । हरियाणा के 58 में स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंत्योदय परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वर्ग के परिवारों को आयुष्मान/ चिरायु योजना का लाभ देने की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अभी तक 38,000 परिवारों ने आवेदन किया था। आज से इन सभी परिवारों को आयुष्मान/चिरायु योजना



का लाभ मिलना शुरू हो गया। आज यहां मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर पर आयोजित बैठक के दौरान मनोहर लाल ने 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वर्ग के परिवारों के सदस्यों को सैद्धांतिक रूप से कार्ड वितरित कर इस योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्मचारी व पेंशनभोगियों को भी मनोहर तोहफा देते हुए कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में दो विभाग नामतःमत्सय व बागवानी के 894 कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है और प्रथम चरण में बीमारियों के 1055 पैकेज व हरियाणा के 305 अस्पतालों को सम्मिलित किया गया है। आगामी समय में अन्य विभागों में भी इस कैशलैस सुविधा को लागू कर दिया जाएगा, जिससे प्रदेश के सभी कर्मचारियों को लाभ होगा। इसके अलावा, प्रदेश के मान्यता प्राप्त पत्रकार भी कैशलैस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### किन्हें होगा इसका लाभ

इस सुविधा के पूरी तरह लागू होने पर हरियाणा के करीब 3.5 लाख नियमित कर्मचारी, 3 लाख पेंशनभोगी और उनके 20 लाख आश्रित सूचिबद्ध अस्पतालों में नकद रहित (कैशलेस ) उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में कुल 1340 बीमारियों को कवर किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में सूचीबद्ध 569 अस्पतालों में इस कैशलेस सुविधा का लाभ उठाया जा सकेगा।

### कौन-कौन रहा मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्त आयुक्त राजस्व टीवीएसएन प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ जी अनुपमा, वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल और स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव राजनारायण कौशिक उपस्थित थे।

# किसानों को हम देंगे एमएसपी की गारंटी: हुड्डा

## पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह ने खोला घोषणाओं का पिटारा

### सरकार आने पर छह हजार बुढ़ापा पेंशन, सिलेंडर 500 में मिलेगा; कर्मचारियों को देंगे ओपीएस

**भरोसा मित्र**

रादौर। यहां जन आक्रोश रैली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घोषणाओं का पिटारा खोला और वर्तमान गठबंधन सरकार की घेराबंदी की। उन्होंने कहा कि सब समझते हैं। हरियाणा हमारा हर मामले में नंबर एक था, लेकिन 9 साल में हम 17 नंबर तक आ गए। वर्ष 2014 तक सब ठीक था, लेकिन अब हाल बहुत बुरा हो चुका है।

पूर्व सीएम ने कहा कि हम किसान को एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे। जब हमारी सरकार आएगी तो हम बुढ़ापा पेंशन छह हजार रुपए देंगे, गैस सिलेंडर



500 रुपए में देंगे। ओल्ड पेंशन स्कीम ओपीएस लागू करेंगे। 100-100 गज के प्लाट भी लोगों को देंगे।

हुड्डा ने हरियाणा सरकार से गन्ना की कीमत 450 रुपए किए जाने की मांग की। यदि सरकार ये नहीं करती है तो कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों को यह मूल्य दिया जाएगा।

### सीएम साढ़े 9 साल चंडीगढ़ से बाहर निकले ही नहीं : दीपेंद्र

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि साढ़े नौ साल में इस सरकार ने प्रदेश का बुरा हाल कर दिया है। अब इनके पास कुछ ही महीने बचे हुए हैं। आने वाले चुनाव में चाहे वह लोकसभा का हो या विधानसभा का दोनों चुनावों में प्रदेश की जनता इन्हें इसका फल जरूर देगी।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, क्राइम में नंबर वन बना हुआ है। आज युवा नशा में फंस रहा है। अपराध की तरफ जा रहा है। अपने अधिकारों की मांग करने वाले कर्मचारी, आंगवाड़ी, सरपंचों पर सरकार लाठीचार्ज करवा रही है। सीएम को अब जनसंवाद याद आया है।




## खबर फटाफट

### खेतों में आई गेंदे के फूलों की बहार, दिनोंदिन बढ़ रही इनकी मांग



**सोहना** :इस बार खेतों में गेंदे के फूलों की जबरदस्त बहार देखने को मिल रही है। दिवाली का त्योहार नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे गेंदे के फूलों की मांग दिनोंदिन बढ़ रही है। गेंदे के फूलों की फसल उगाने वाले व शहर के गुर्जरघाटी में रहने वाले हरि सिंह सैनी, बब्बल सैनी, श्रीचंद सैनी, रोहताश सैनी, रामप्रसाद सैनी, नरेश सैनी, प्रति सैनी, दुर्गामंदिर के पिछवाड़े फूलों की खेती करने वाले संजय कुमार, नवीन सैनी, धर्मपाल सैनी, राजेन्द्र सैनी, पूरण सैनी, राकेश सैनी, बिजेन्द्र सैनी, मनोज सैनी, बलबीर सैनी, चंदर सैनी आदि का कहना है कि इस बार गेंदे के फूलों के बढ़िया भाव मिल रहे है और गेंदे के फूल खरीदने के लिए गेंदा फूलों को बेचने वाले दुकानदार उनके खेतों पर आकर भी फूलों को खरीद कर ले जा रहे है। जिससे उन्हे मंडी में गेंदा ले जाने पर खर्च होने वाला किराया और समय दोनों की बचत हो रही है।

### दीयों के कारोबार में हुआ 60 फीसदी से ज्यादा इजाफा



**सोहना:** चीन की लड़ियों और अन्य वस्तुओं के विरोध का असर बाजार में देखने को मिल रहा है। बाजार में जगह-जगह मिट्टी के बने दीयों को बेच रहे कुम्हारों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनती है। गांव जक्खोपुर में रहने वाले रोहताश प्रजापत, भक्त ग्यासीराम मैंबर, गोपीराम भक्त जी, शहर के प्रजापत मोहल्ले में रहने वाले ललित प्रजापत, विक्की प्रजापत, जोनी प्रजापत, संदीप प्रजापत आदि कुम्हारों का कहना है कि इस बार दीयों की जमकर बिक्री हो रही है। उन पर आर्डरों की पूर्ति नहीं हो पा रही है। दीवाली पर पहले वह घर-घर जाकर दीए बेचते थे। तब जाकर कुछ महीनों के भोजन का इंतजाम हो पाता था लेकिन इस बार लोग खुद उनके यहां आकर मिट्टी के बनाए दीए सैकड़ों की तादाद में खरीद रहे है। इस बार दीयों की इतनी जबरदस्त मांग है कि उन पर आर्डर भी पूरे नही हो पा रहे है। गांव जक्खोपुर की कुम्हार कॉलोनी में रहने वाले पचासों से ज्यादा परिवारों में बुजुर्गों के साथ-साथ अब परिवार के युवा, महिलाएं और बच्चे भी चाक पर दीए बनाने में बुजुर्गों का हाथ बंटा रहे है। रोजाना हजारों दीए बन रहे है, लेकिन दीए सूखते ही हाथोंहाथ बिक रहे है। जिससे कुम्हार खुश हैं।

### बेसहारा बच्चों में मिठाई व प्यार बांटकर मनाए दीपावली : महेश

**सोहना:** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और पीसीसी मैंबर महेश घोडारोप ने आम जनमानस से आग्रह किया है कि दीपावली के त्यौहार पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए बिजली की बचत करने के साथ-साथ पटाखे चलाने से परहेज करे और अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर देशी घी के दीपक जलाकर वातावरण को शुद्ध बनाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने में सहायक बने। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने घरों में 60, 100 और 200 वाट के बल्बों की बजाय एलईडी व स्लिम ट्यूब लाइटों का इस्तेमाल करना चाहिए। जिससे बिजली की खपत कम होगी। पर्यावरण संतुलित रहेगा। कहा कि दीपावली का त्यौहार खुशियों का त्यौहार है और खुशी का इजहार मिठाई, उपहार, रंगोली, मिटटी निर्मित दीयों में देशी घी डालकर उनसे रोशनी कर तथा गरीब, अनाथ, बेसहारा, बच्चों में खुशियां, मिठाई और प्यार बांटकर कर सकते हैं।

### भारी वाहनों की बाजार में आवाजाही पर लगाई जाए रोक : गुर्जर

**सोहना :** कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता कुलदीप गुर्जर रामगढ़ ने त्यौहारी मौसम में सोहना के सबसे बड़े और पारम्पारिक बाजार में भीड़भाड़ के चलते भारी वाहनों की आवजाही पर रोक लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत सुबह से देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ होती है, लेकिन बाजार में भारी भीड़ के बावजूद दोपहिया वाहनों के साथ-साथ मालवाहक और भारी वाहनों की आवाजाही से बार-बार जाम के हालात बन रहे है। बाजार में सामान खरीदने आए ग्राहकों को परेशानियां हो रही है। उन्होंने कहा कि अभी दीवाली आने में चंद दिन बाकी है, लेकिन अगर ऐसे ही हालात रहे तो लोगों की परेशानियां काफी बढ़ जाएंगी। जाम की वजह से 10 मिनट का सफर 2-2 घंटे में पूरा हो पा रहा है। वैसे भी बाजार में वाहन लानों के लिए पार्किंग की सुविधा नही है।

### ग्रीन पटाखे चलाएं,प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाएं : डा. प्रवीण यादव

**सोहना :** स्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने लोगों को दीपावली पर पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है ताकि प्रदूषण पर रोक लगे। पर्यावरण को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि आज बच्चे पटाखे चलाने को प्राथमिकता देते है। यदि पटाखे चलाने ही है तो सुरक्षित तरीके से हल्के बारूद वाले ग्रीन पटाखे चलाएं। जिससे ध्वनि प्रदूषण कम होगा। उन्होने लोगों को परामर्श दिया है कि बच्चों को हल्के ग्रीन पटाखे खरीद कर दें। पटाखे चलाते वक्त बच्चों के साथ रहे। किसी भी पटाखे को चलाने के लिए उचित दूरी बनाना जरूरी है। एक लकड़ी पर मोमबत्ती बांधकर रखें ताकि पटाखों को चलाते वक्त उचित दूरी बनी रहे। उन्होने कहा कि अगर व्यक्ति के कपड़ों में आग लग जाए तो उस पर पानी ना डाले।

### पर्यावरण को शुद्ध बनाएं : रोशनी भारद्वाज

**सोहना :** नगरपालिका की पूर्व चेयरमैन रोशनी भारद्वाज और समाजसेवी संजीव शर्मा ने आम जनमानस से इस बार दीवाली पर पटाखे चलाने की बजाय प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाए जाने का आग्रह किया है। बुधवार को अपने कार्यालय पर आमंत्रितों के बीच रोशनी भारद्वाज और समाजसेवी संजीव शर्मा ने बताया कि पटाखे चलाने पर कुछ पलों की खुशी होती है, लेकिन उससे पर्यावरण दूषित होता है और प्रदूषण कई गुणा ज्यादा बढ़ जाता है क्योकि पटाखों से सल्फर डाईआक्साईड, कार्बन डाईआक्साईड व मोनो डाईआक्साईड जैसी जहरीली गैस निकलती है, जो पृथ्वी पर मनुष्य और जीवों दोनों के लिए हानिकारक है। पटाखों से निकलने वाली गैस शुद्ध हवा में जहरीली गैस घोलकर शुद्ध पर्यावरण और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाती है।

उन्होंने कहा कि कई बार तो ऐसा भी होता है कि जहां पटाखों से निकलने वाली इन जहरीली गैसों का ज्यादा प्रभाव होता है, वहां पेड़-पौधे सूख जाते है अथवा पीले पड़ जाते है। जीव-जंतुओं को भी बीमारियां लग जाती है। तेज ध्वनि से पक्षियों के कानों के पर्दे फट जाते है। इसलिए जरूरी है कि पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने, प्रदूषण पर रोक लगाने, जीव-जंतुओं, पक्षियों को सुरक्षित बचाए रखने के लिए पटाखा मुक्त दीवाली मनाई जाए। इन सभी एहतियात को ध्यान में रखते हुए दीपावली मनाएं।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने भरे मिठाइयों व पनीर के सैंपल

# दुकान खुली छोड़कर भागे दुकानदार

**जो मिठाइयां खराब मिलीं, उनको मौके पर ही फिंकवा दिया गया**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** मुख्यमंत्री उडनदस्ते की टीम ने खाद्य सुरक्षा विभाग के डीएफएसओ डाक्टर रमेश चौहान को साथ लेकर मिठाई व पनीर आदि बेचने का कारोबार कर रहे दुकानदारों के यहां छापेमारी की। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते और खाद्य सुरक्षा विभाग की छापामार टीम के आने की सूचना पाकर हलवाइयों में हडकंप बन गया। कोई दुकानदार शटर गिराकर भागा तो कई दुकानदार अपनी दुकानों को यूं ही खुला छोड़कर भाग खड़े हुए।

मुख्यमंत्री और उड़नदस्ते और खाद्य सुरक्षा विभाग की छापामार की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर आशीष फूड पनीर फैक्टरी से साबर क्रीम, स्लाइडा चीज और मोजरेला चीज के सैंपल तो शिव मिष्ठान भंडार से रसगुल्ले और छैना के और बाला जी रसगुल्ला भंडार से छैना, मोतीचूर के लड्डू और रसगुल्ले तथा श्याम बेकरी से मैदा, पनीर, बिस्कुट और डालडा घी के चार सैंपल समेत विभिन्न दुकानों से कुल नौ सैंपल भरे।

देखने वाली बात यह रही कि छापेमारी के दौरान जिन हलवाईयों की दुकानों पर मिठाइयां खराब मिलीं, उनको मौके पर ही फिंकवा दिया गया। छापामार टीम ने अलग-अलग स्थानों से कुल नौ सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए है।

गौरतलब यह है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्यौहारों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री और उड़नदस्ते और खाद्य सुरक्षा विभाग की छापामार टीम जब विभिन्न स्थानों पर बिक रही रंग-बिरंगी मिठाइयों, खोया, पनीर, बर्फी और दैनिक उपयोग में आने वाली खाद्य सामग्री के सैंपल भरने के लिए जैसे ही बाजार में पहुंची, दुकानदारों में हड़कंप बन गया। कोई दुकानदार शटर गिराकर भागा तो कई दुकानदार अपनी दुकानों को यूं ही खुला छोड़कर भाग खड़े हुए।

**रोजाना मारे जाएंगे छापे**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डाक्टर रमेश चौहान ने बताया कि यह अभियान आगे और तेजी से चलेगा। प्रतिदिन जगह-जगह छापेमारी अभियान चलाकर मिठाइयों और खाद्य वस्तुओं के सैंपल भरे जाएंगे। मिठाई की हर छोटी-बड़ी दुकानों से सैंपल भरे जाएंगे। उन्होने ऐसे संकेत भी दिए कि सोहना शहर के साथ-साथ गांवों में मिठाई बेचने वाले मिठाई विक्रेताओं के यहां भी औचक छापेमारी कर सैंपल भरने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ताकि हलवाई त्यौहारी सीजन की आड़ में जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले घातक रंगों और सिंथेटिक दूध, नकली खोया, पनीर आदि की बिक्री करने से बाज आए।

देखने वाली बात ये है कि यहां पर दूध, मावा, खोया, पनीर, घी की डिमांड एकाएक



कई-कई गुणा ज्यादा बढ़ जाने व आवक सीमित होने से नकली सामान का धंधा चमक गया है। आवक कम और मांग ज्यादा होने से प्राप्त आर्डरों को पूरा करने की खातिर व ज्यादा आमदनी व मुनाफे के चक्कर में दुकानदार सिंथेटिक दूध, नकली खोया, पनीर आदि बेचने से बाज नहीं आ रहे। वही हलवाई भी मिठाइयों को रंग-बिरंगी बनाने के लिए सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक व प्रतिबंधित रंगों का जमकर प्रयोग कर रहे है। लाल, पीले, हरे, केसरिया, गुलाबी, भूरे समेत विभिन्न रंगों को डालकर ऐसी-ऐसी रंगीन मिठाइयां बना रहे है कि इन मिठाइयों को देख ग्राहक ललचाते हुए आकर्षित हुए बिना नहीं रह पाता।

आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते हलवाई सस्ती मिठाई बेचने के नाम पर मिठाइयां बनाते वक्त ना केवल घातक रंगों का प्रयोग कर रहे है बल्कि ज्यादा मुनाफा कमाने और ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए तथा मिठाइयों में खुशबू महकाने और स्वाद बढ़ाने के लिए केवड़ा, वनिला, रोज, मैंगो, स्ट्रोबरी और कार्डिमम आदि कृत्रिम एसेंस मिलाकर काफी दिनों पूर्व बनाई गई बासी मिठाइयों को भी तरोताजा बनाए रखते है। वहीं तेज-तर्रार ग्राहक भी अच्छी महक के कारण बासी और ताजी मिठाइयों में फर्क नहीं समझ पाता है।

**सस्ता सामान डालो, मोटा मुनाफा कमाओ**

इस धंधे से जुड़े सूत्रों ने अपनी पहचान गुप्त रखने पर जानकारी देते हुए बताया कि यूरिया, अरारोट, सिंघाड़ा पाउडर, उबले आलू, रिफाइंड और केमिकल से बना सिंथेटिक दूध, मावा, खोया, पनीर असली के अनुपात में तीन गुणा ज्यादा मंदा होने पर जहां अच्छा मुनाफा देता है, वही घर बैठे मिलता है। वैसे भी ग्राहक असली-नकली में अंतर नहीं समझ पाता है।

गौरतलब है कि उपायुक्त निशांत कुमार ने निर्देश दिए है कि एसडीएम, तहसीलदार और खाद्य निरीक्षक पर आधारित टीमें मिलावटी मिठाई आदि पर रोक लगाने के साथ-साथ यह भी चेक करेंगी कि त्यौहारों के दौरान वह आगे भी इस बात पर विशेष ध्यान देंगे कि कोई दुकानदार मिठाइयों के साथ डिब्बे तो नही तोल रहा है और दूध, दही, डिब्बा बंद व खुला देशी घी, खोया पनीर, दैनिक उपयोग में आने वाली खाद्य सामग्री जैसे तेल, रिफाइंड, लाल मिर्च, धनिया, हल्दी, चावल, दाल आदि समेत कोई भी वस्तु की मिलावट की ना बिके क्योकि ऐसा करना ग्राहकों के साथ धोखा है।

# विभिन्न नेताओं ने दी हरियाणा दिवस की बधाई

**यही कामना की कि सभी देशवासी आपसी प्रेम-प्यार, भाईचारे से मिल जुलकर रहे**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** विधायक संजय सिंह, शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता भाई राकेश जैन, जजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी रोहताश रिठौजिया आदि ने हरियाणा दिवस पर बधाई दी है।

इनके अलावा हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा, भाजपा नेता व मार्किट कमेटी चेयरमैन रहे दिनेश शर्मा खेड़लिया, कांग्रेस नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट, जजपा युवा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी महेश घोडारोप, लेबरनम सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन अनिल पंडित, भाजपा नेता चौधरी गजराज लोहिया, हरियाणा ओलंपिक संघ के मैंबर रहे व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी ने भी इस दिवस की बधाई दी है।

इनके अलावा डीवीएम सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक, गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्लयूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़, जजपा के राज्य प्रवक्ता यशबीर राघव भौंड़सिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी राघव खेड़लिया, कांग्रेस नेता कुलदीप गुर्जर रामगढ़, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा नाहरपुर ग्रामपंचायत के सरपंच रहे भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे समाजसेवी सुरज्ञान सिंह, उद्योगपति व पूर्व नगरपार्षद बिल्लू अरोड़ा ने हरियाणा दिवस की बधाई दी है।

साथ ही,भाजपा नेता मुकेश सैनी, रामकिशन राघव भौंड़सिया, लायंसक्लब के चेयरमैन रहे लायन सुरजीत अरोड़ा, लायंसक्लब के रिजन चेयरमैन लायन रवि मदान आदि प्रमुखजनों समेत क्षेत्र के जागरूक लोगों ने समस्त प्रदेशवासियों को हरियाणा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना की है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक हरियाणवी की सदैव यही सोच रही है कि सभी देशवासी आपसी प्रेम-प्यार, भाईचारे से मिल-जुलकर रहे। अनेकता में एकता को प्रदर्शित कर विश्व के सामने मिसाल बने और विकास के मामले में दुनिया में अपना देश भारत अव्वल स्थान पर रहे। साथ ही हरियाणा प्रदेश विकास में मिसाल कायम करे।

## शिवनगरी में प्रतिबंध के बावजूद चोरी-छिपे बिक रहे पटाखे

**किसी को पटाखे चाहिए दुकानदार व्हाट्सएप पर उन्हें दिखाता है तो एक दिन पहले उसे लिखवाना पड़ता है**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एनसीआर क्षेत्र में पटाखों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं है। दिवाली के नजदीक आते ही चोरी-छिपे पटाखों की खरीद-बिक्री का काम तेज हो गया है। सूत्रों के अनुसार कानूनी शिकंजे से बचने के लिए पटाखा विक्रेता केवल अपने जान-पहचान के लोगों को ही पूरी तहकीकात के बाद पटाखे बेच रहे हैं। नाम व पहचान का खुलासा ना किए जाने की शर्त पर जानकार ने बताया कि पटाखों पर प्रतिबंध की वजह से बाजार में खुले तौर पर तो पटाखे नहीं बिक रहे हैं। पटाखा विक्रेता कई महीने पहले ही पटाखा खरीद लाए, जो गोदामों से चोरी-छिपे महंगे दामों पर पटाखे बेचकर चांदी कूट रहे हैं। अगर किसी को पटाखे चाहिए दुकानदार व्हाट्सएप पर पटाखे दिखाता है तो एक दिन पहले दुकानदार के पास लिखवाना पड़ता है। पटाखे के नाम व मात्रा देखकर दुकानदार अगले दिन निश्चित समय देखकर ग्राहक को बुलाता है, जहां पहले से ही निश्चित पैकिट तैयार मिलता है। अगर अगले दिन कोई ग्राहक लिखवाए गए पटाखों में से कुछ पटाखे ना लेना चाहे तो वह उसे नहीं मिलते। दुकानदार का कहना होता है कि यह पटाखे हम नहीं रखते।

## महिला ने की पति की जमकर धुनाई

**सोहना:**यहां पर बुधवार को एक व्यक्ति को करवाचौथ पर अपनी प्रेमिका को बाजार में खरीददारी कराना उस वक्त महंगा पड़ गया, जब उस व्यक्ति की पत्नी को कही से इस बात की भनक लग गई कि उसका पति अपनी प्रेमिका को बाजार में सामान खरीदवा रहा है।

जब महिला बताए गए स्थान पर गई तो वहां उसका पति अपनी प्रेमिका को सामान खरीदवाने के बाद बाजार में एक साथ जाते देखा। तब दोनों को महिला ने बाजार में एक दुकान के बाहर रंगे हाथों पकड़ लिया और गालियां देते हुए हंगामा मचाने लगी। राहगीरों को इकट्ठा होते देख उस व्यक्ति ने जैसे ही पत्नी को धमकाने का प्रयास किया तो महिला गुस्से में तमतमा गई और करवाचौथ का चांद सबके सामने दिखाने की बात कहते हुए पैर से चप्पल निकालकर भरे बाजार अपने पति पर बरसाने लगी। इस नजारे को देख प्रेमिका तो वहां से नौ-दो ग्यारह हो गई, उसका पति जेब से रुमाल निकाल कर अपना मुंह छिपाते हुए भागने का प्रयास करने लगा।

# शहर में गाय के गोबर की एडवांस में चल रही बुकिंग

**सार्वजनिक स्थलों पर भी सामूहिक रूप से गौवर्धन मनाकर पूजा करने का चलन बढ़ा है**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** यहां पर गौवर्धन के त्यौहार पर गाय के गोबर से गौवर्धन महाराज बनाने की परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी से चली आ रही है। गांवों के साथ-साथ शहर में रहने वाले लोग भी गौवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से सपरिवार मनाते हैं।

इस बार गौवर्धन का त्यौहार चाहे 14 नवंबर को है लेकिन गौवर्धन मनाने के लिए गाय का गोबर गौपालकों और गौशालाओं से लेने के लिए यहां पर अभी से एडवांस में गोबर की बुकिंग चल रही है। मालूम हो कि दीपावली के अगले दिन घरों में महिलाएं गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की आकृति बनाती हैं। शाम को परिवार समेत पूरे विधि-विधान से गोवर्धन महाराज की पूजा होती है। देहात में ये परम्परा



प्राचीनकाल से चली आ रही है।

शहरों में भी पहले लोग अपने-अपने घरों में गौवर्धन महाराज की आकृति बनाकर पूजा अर्चना कर लेते थे लेकिन अब घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी सामूहिक रूप से गौवर्धन मनाकर पूजा करने का चलन बढ़ा है।

कई लोगों का मानना है कि जिस तरह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में संख्या अनुपात में इजाफा हुआ है, उसी प्रकार गौवर्धन महाराज के प्रति लोगों की समझ बढ़ी है।

अब नए-नए बच्चे भी पूजा-अर्चना में बढ़-चढक़र नंगली गौशाला से जुड़े सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, मुकेश शर्मा एडवोकेट, जगदीश वर्मा, राव धर्म सिंह रायसीनिया, उमेश अग्रवाल का कहना है कि जो लोग विभिन्न प्रदेशों से सोहना में आकर किराए के मकानों में रह रहे है और घरों में स्थानाभाव के कारण गोवर्धन नहीं बना पाते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर गोवर्धन पूजा आयोजन में सपरिवार आकर ऐसे लोग गोवर्धन महाराज की पूजा कर लेते हैं।

### कौन नहीं मना पाता

नंगली गौशाला से जुड़े सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, मुकेश शर्मा एडवोकेट, जगदीश वर्मा, राव धर्म सिंह रायसीनिया, उमेश अग्रवाल का कहना है कि जो लोग विभिन्न प्रदेशों से सोहना में आकर किराए के मकानों में रह रहे हैं और घरों में स्थानाभाव के कारण गोवर्धन नहीं बना पाते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थानों पर गोवर्धन पूजा आयोजन में सपरिवार आकर ऐसे लोग गोवर्धन महाराज की पूजा कर लेते हैं।

उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा में स्थानीय लोगों और अन्य प्रदेशों के लोगों से शामिल होने से एक-दूसरे को जानने-पहचानने का अवसर

## त्यौहारों के चलते विज्ञापन बोर्डों से अटे खंभे और उन पर लटके हैं नेता

**प्रचार सामग्री लगाने पर संबंधित विभाग चार्ज वसूलता है। मगर यहां पर इस मामले में लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है**

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

**सोहना।** इस महीने पड़ने वाले पर्व के मददेनजर सड़कों पर बधाई संदेशों की भरमार लग गई है। इस बार बधाई संदेशों से सडक़ें अटी पड़ी हुई है। प्रचार सामग्रियां पहले की अपेक्षा इस बार अधिक देखी जा रही है।

क्षेत्रीय नेताओं द्वारा दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैयादौज की बधाई दी जा रही है। ऐसे में जगह-जगह खंभों पर नेताओं के होर्डिंग वाले बोर्ड लटके देख व्यंग्य भरे लहजे में लोग यह कहने से नहीं चूक रहे है कि चाहे चुनाव अभी दूर है, लेकिन विभिन्न पार्टियों के नेता लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने और अपनी नेतागिरी चमकाने के लिए त्यौहारों की मुबारकबाद देने के नाम पर खंभों पर लटके नजर आ रहे हैं, लेकिन जनता इनकी कार्यप्रणाली और टरकाऊ नीति से पहले से ही वाफिक है।

दिलचस्प बात ये है कि सड़कों के किनारे और खंभों पर लगे इन होर्डिंग बोर्डो को देखकर भी प्रशासन इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं जबकि सडक़ों पर इस तरह की प्रचार सामग्री नहीं लगाई जा सकती है।

मजेदार बात यह है कि किसी का मुंह इधर लटका हुआ है तो किसी का उधर। तेज हवाओं से ये बोर्ड ढीले होने के कारण लटकने भी लगे हैं।

गौरतलब है कि कोई भी व्यक्ति अथवा नेता चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों ना हो, सड़कों पर बगैर अनुमति के कोई भी प्रचार सामग्री नहीं लगा सकता है। संबंधित विभाग ने प्रचार सामग्री लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर रखे है। इन निर्धारित स्थानों पर अनुमति लेकर प्रचार सामग्री लगाई जा सकती है।

बता दें कि निर्धारित स्थानों पर प्रचार सामग्री लगाने पर संबंधित विभाग चार्ज वसूलता है। मगर यहां पर इस मामले में लोगों द्वारा अनदेखी की जा रही है। संबंधित विभाग प्रचार सामग्री लगाने वालों से शुल्क नहीं वसूल पा रहा है। प्रतिबंधित क्षेत्रों में शुभकामना संदेश वाली प्रचार सामग्री लगी है। जगह-जगह बैनर, पोस्टर व होर्डिंग लगने से शहर बदसूरत लगने लगा है।

### नगरपरिषद में संदीप मलिक ने संभाला ईओ का कार्यभार

**सोहना:** सोहना नगरपरिषद में कार्यकारी अधिकारी के पद पर संदीप मलिक ने आज यहां पर अतिरिक्त रूप में परिषद में कार्यकारी अधिकारी पद पर अपना कार्यभार संभाल लिया है।

यहां पर नगरपरिषद में कार्यकारी अधिकारी का पद काफी दिनों से रिक्त पड़ा हुआ था। इससे ना केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे बल्कि नगरपरिषद में कार्यरत अधिकारियों व सफाई कर्मचारियों को वेतन तक के लाले पड़ गए। वही विकास कार्य करवाने के लिए परिषद की वित्त कमेटी ने जो कार्य मंजूर किए, वह कार्य भी ईओ का पद रिक्त पड़े होने और ईओ के पोर्टल पर टेंडर ना लगाए जाने से अधर में लटक गए। यहां तक कि नगरपरिषद में भरपूर पैसा होने के बावजूद कार्यकारी अधिकारी का पद रिक्त पड़े होने और आला अधिकारियों द्वारा डीडी पावर किसी दूसरे अधिकारी को ना दिए जाने पर यहां अस्थाई रूप में कार्यरत सफाई कर्मचारियों, चौकीदारों आदि को वेतन नहीं मिल पाया। निगमायुक्त ने रेवाड़ी नगरपरिषद में ईओ पद पर कार्यरत संदीप मलिक को नगरपरिषद में कार्यकारी अधिकारी पद का कार्यभार अतिरिक्त रूप में संभालने के निर्देश दिए।

## बाबा खाटूश्याम संकीर्तन का आयोजन 16 को होगा

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना।** सोहना नगरपरिषद में वार्ड-चार से नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया के अनुसार 16 नवंबर को मिलेनियमसिटी में आयोजित होने वाले श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में वह साथियों समेत बढ़-चढक़र शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि जिमखाना क्लब में श्री शनिधाम पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर परमहंस दाती जी महाराज व ब्रहमलीन बाबा प्रकाशपुरी महाराज के परम शिष्य संत रविपुरी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय गायक कलाकार कन्हैया मित्तल, रीतू पांचाल, भावना स्वरांजिल, राज दहिया व बलराम वशिष्ठ आदि शीश के दानी बाबा खाटूश्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।

नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया की माने तो इस संकीर्तन में सोहना से अधिक से अधिक लोगों को ले जाने के लिए उनके साथ रवि कुमार, राजेश



गोयल, निखिल वशिष्ठ, करणी सेना के हलका अध्यक्ष सुंदर सिंह चौहान, डाक्टर जय भारत, हेमंत यादव, मोहित शर्मा, विवेक यादव, देविन्द्र कुमार, प्रवीण यादव, मुकेश खटाना, मनोज यादव, हितेश यादव, गंगा सैनी, अरूण यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने सिंहराम विहार और आसपास कॉलोनियों समेत शहर में जनसंपर्क अभियान चलाया और श्रद्धालुओं को सपरिवार संकीर्तन में चलने का न्यौता दिया।

### बलिदानियों को समर्पित रहा अमृत महोत्सव अभियान : डागर

**सोहना :** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा नाहरपुर ग्रामपंचायत के सरपंच रहे भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया की माने तो पूरे देश में 2 वर्ष तक चला अमृत महोत्सव अभियान पूरी तरह बलिदानियों के प्रति समर्पित रहा। सही मायने में मेरी माटी-मेरा देश अभियान मां भारती की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करना था।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में देश भर के पंचायतों, गांवों, प्रखंडों, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों गतिविधियां और समारोह आयोजित कर लोगों ने अमृत महोत्सव को जात पात, पार्टीबाजी, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर धूमधाम से मनाते हुए वीरों और शहीदों को नमन किया। अलीपुरिया ने कहा है कि मेरी माटी-मेरा देश अमृत कलश यात्रा और अमृत महोत्सव के समापन पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इंडिया गेट स्थित कर्तव्य पथ पर देश भर के 6 लाख गांवों से जमा की गई मिटटी से अमृत वाटिका तथा अमृत महोत्सव स्मारक का शिलान्यास होना गौरव भरी बात है।

त्योहार

महिलाओं ने सुबह से ही व्रत को लेकर तैयारियां शुरू कर दी थीं

# वीडियो कॉलिंग से चांद का दीदार कर खोला करवाचौथ का व्रत

**अलग-अलग प्रदेशों की महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में नजर आईं**

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

**सोहना :** सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन बबीता यादव, नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद राखी बागड़ी, सोहनाढाणी गांव में रहने वाली नंबरदारनी कविता सैनी आदि समेत महिलाओं का कहना है कि इस बार करवाचौथ के त्यौहार पर आसमान में धुंध छाए रहने की वजह से निर्धारित समय पर चांद का दीदार नहीं हुआ। इस पर महिलाओं ने वीडियो कॉलिंग कर या फिर मोबाइल पर चांद देखकर अपना व्रत खोला।

अधिकतर महिलाओं ने काफी इंतजार के बाद व्रत खोला। वे देर तक चांद का इंतजार मरती रही।करवाचौथ पर घरों से लेकर बाजारों तक में उत्सव का माहौल रहा। व्रत के दिन कामकाजी महिलाएं मेहंदी व अन्य खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंची। विभिन्न सोसायटियों और मोहल्लों में दोपहर की पूजा सामूहिक रूप से की गई।

करवाचौथ व्रत की शुरुआत परंपरागत तरीके से तड़के सरगी के साथ की गई। सरगी में मेवे व दूध, फीनियां व मठरी रहती हैं। इसे खाने के बाद महिलाएं चांद दिखने तक कुछ ना तो खा सकती हैं ना ही पानी पी सकती हैं। इसके बाद महिलाओं ने दोपहर की पूजा के दौरान व्रत की कहानी सुनी और परंपरागत तरीके से पूजा की गई।

महिलाओं में सेल्फी को लेकर क्रेज दिखा। विभिन्न सोसायटियों में करवाचौथ व्रत की दोपहर की पूजा के दौरान विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति की झलक दिखी। सोसायटियों में रहने वाली अलग-अलग प्रदेशों की महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में नजर आईं। पहनावे में कहीं राजस्थानी संस्कृति के रंग बिखरे,

कहीं पंजाबी तो कहीं हरियाणवी वेशभूषा में किसी भी प्रदेश की महिलाएं हों उनकी मौजदूगी में एक ही जगह पर विभिन्न संस्कृति की छटा एक साथ बिखरी तो उत्सव में चार चांद लग गए। महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

उन्होंने बताया कि करवाचौथ के त्योहार का उन्हें खासतौर पर इंतजार रहता है।



### प्रेम व विश्वास का प्रतीक है करवाचौथ : अंजलि शर्मा

समाजसेविका अंजलि शर्मा खेड़लिया ने करवाचौथ के त्यौहार को प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार बताया है। बुधवार को महिला जागृति मंच के तत्वावधान में करवाचौथ के त्यौहार पर आयोजित महिला मिलन समारोह में मौजूद मातृशक्ति के बीच करवाचौथ के त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्हेंने कहा कि सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का व्रत रखती है। यह प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्यौहार बताया और कहा कि भारतीय विवाहित महिलाओं के लिए सिंदूर का बहुत महत्व है।

### पिया का दिल जीतने के लिए सजी-संवरी महिलाएं

बुधवार को बाजारों में करवाचौथ के चलते जबरदस्त रौनक देखने को मिली। सुहागिन महिलाएं कही श्रंगार का सामान खरीदती तो कही हाथों पर मेहंदी रचवाती नजर आई। मिटटी के सजे हुए करवों के साथ-साथ चीनी से बनाए गए करवे भी जमकर बिके। आए दिन महंगाई का रोना रोने वाली महिलाएं आज खुद के सजने-संवरने के लिए दिल खोलकर खर्चा करते नजर आई। मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं की बढ़ रही तादाद को देख मेहंदी रचाने वालों ने मेहंदी रचाने की एवज में कीमत एकदम 3 गुणा बढ़ा दी, लेकिन फिर भी महिलाओं का उत्साह बरकरार रहा और वह मेहंदी रचवाने के लिए अपनी बारी आने का इंतजार करती नजर आई। आज बाजार में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दिखाई देने लगी थी। इस बार महिलाएं अपने हाथों पर राजस्थानी और अरेबियन मेहंदी लगवाना ज्यादा पसंद कर रही है। ब्यूटीपार्लरों पर भी सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ जमा है। नवविवाहित महिलाओं ने अपने हाथों के साथ-साथ पैरों में भी मेहंदी लगवाई। शहर में श्यामवती, गांव रायसीना की कैलाश देवी यादव, शहर के वार्ड-14 की मनीषा गुप्ता, आरती सैनी, आशु ,लक्ष्मी, सरिता ने बताया कि देर शाम तक बाजारों में जबरदस्त रौनक बनी रही।

## खबर फटाफट

### अवैध देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक को 5 पेटी अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सैक्टर 40 द्वारा नीतीश को गांव सिकंदरपुर घोसी से अवैध शराब सहित काबू किया गया। आरोपी युवक के कब्जे से 5 पेटी अवैध देशी शराब बरामद करने पर उसके खिलाफ थाना डीएलएफ फेज-1 में मामला दर्ज किया गया है।

### चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने एक युवक को मोबाईल फोन टॉवरों से बैट्री सेल चोरी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 जुलाई को एक व्यक्ति ने थाना सदर में एक लिखित शिकायत सैक्टर 33 से इंडस मोबाईल फोन टॉवर में लगी बैट्रियों सेल किसी अज्ञात द्वारा चोरी करके ले जाने के संबंध में दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी जान मोहम्मद को काबू कर लिया।

### अब एक ही पोर्टल पर सभी राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कारों से संबंधित आवेदन के लिए एक विशेष पोर्टल की शुरूआत की है। अब सभी राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। डीसी ने बताया कि सरकार की ओर से नई पहल करते हुए पुरस्कारों के आवेदन करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की शुरूआत की है। इसके लिए एक विशेष पोर्टल शुरू किया गया है।

इस पोर्टल के माध्यम से सभी राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा अलग-अलग पुरस्कार के लिए निर्धारित अलग-अलग तिथि तक सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। इस व्यवस्था का उद्देश्य देश सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, एजेंसियों के सभी पुरस्कारों को एक मंच पर लाना है। डीसी ने बताया कि इन दिनों विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन खुले हुए है। इस पोर्टल पर जाकर व्यक्ति अथवा संगठन निर्धारित पात्रता के साथ अपना आवेदन कर सकता है। भारत सरकार के इस प्रयोग से पुरस्कारों के चयन में पारदर्शिता और अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। यह पोर्टल प्रत्येक नागरिक व संगठन को सुविधा प्रदान करता है कि वो भारत सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न पुरस्कारों के लिए व्यक्तियों व संगठनों को नामित कर सके।

# सरस मेला : गुजराती स्टाल बने पहली पसंद

## पंजाबी गायक दलेर मेहंदी के गीतों पर आज झूमेंगे एनसीआरवासी

**गुजराती बांदनी साड़ी, सूट, जुट बैग, रबारी आर्ट किया हुआ फाइल फोल्डर, बैग्स, डायरी बने आकर्षण का केंद्र**





**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। सरस आजीविका मेला 2023 में गुजरात से कुल उन्नीस स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें हेंडीक्राफ्ट व हेंडलूम के 18 व एक फूड आइटम के स्टॉल लगाए गए हैं। गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले से आई हुई, महिला सशक्तिकरण केंद्र समूह की सबीरा ने बताया कि मेरे स्टॉल नंबर 36 पर गुजराती बांदनी साड़ी, सूट, जुट बैग, रबारी आर्ट किया हुआ फाइल फोल्डर, बैग्स, डायरी आदि प्रोडक्ट उपलब्ध हैं। यहां आप को दो सौ से लेकर ग्यारह सौ रुपये तक के सामान मिल जाएंगे। वहीं, गुजरात की ही सूरत जिले से आई हुई शिव स्व सहाय जुथ समूह की भावना ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 186 पर आप को गुजराती होम डेकोरेशन के सामान मिल जाएंगे। इसमें तोरन, हॉल हेंगिंग, साकड़ा, भगवानजी के आसन, कीरिंग आदि के सामान हैं। इस स्टॉल पर आप को दस रुपये से लेकर पंद्रह सौ रुपये तक के सामान उपलब्ध हैं। साथ ही गुजरात के ही स्टॉल नंबर 184 पर आप को गुजराती आर्टिफिशियल ज्वेलरी के सामान मिल जाएंगे। इसमें माला, ब्रेसलेट, इयर रिंग आदि के आइटम उपलब्ध हैं।

**विभिन्न प्रदेशों के उत्पाद बन रहे हैं लोगों के आकर्षण का केंद्र**

वहीं, कच्छ जिला से आई हुई दीदी के स्टॉल नंबर 38 पर गुजराती गरबा में इस्तेमाल किए जाने वाले चनया चोली, बेल्ट, नेकलेस, बैंगल्स आदि के आइटम आपको मिल जाएंगे। मेले में जम्मू कश्मीर के स्टेट कोऑर्डिनेटर युनुस ऋषि ने बताया कि हमारे स्टेट से कुल ग्यारह स्टॉल हैं जिसमें हेंडीक्राफ्ट के कुल नौ और दो ड्राई फ्रूट्स के स्टॉल लगाए गए हैं। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले से आई हुई आफताब स्वयं सहायता समूह की मुनाजा ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 204 पर पश्मिना शॉल, तुषी शॉल, आरी वर्क शॉल, स्टोल, सूट, आदि सामान उपलब्ध हैं।

### मेले में नियमित रूप से होते हैं सांस्कृतिक कार्यक्रम

सरस मेले में नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। आज सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायक दलेर मेहंदी अपनी प्रस्तुति से समां बांधने का काम करेंगे। ज्ञात हो कि दलेर मेहंदी बॉलीवुड सिनेमा के गाने समेत भांगड़ा, डांस सांग के लिए मशहूर हैं। दलेर मेहंदी का कार्यक्रम दो नवंबर को संध्या आठ बजे से आरंभ होगा। तुनुक तुनुक तुन...., बोलो तारा रा... रा...रा..., जैसे गानों पर झूम जाएंगे एनसीआर वाले। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा व हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है।

# हरियाणा सरकार बनाए अपना अलग हाईकोट : संतोख सिंह

**सरकार से प्रश्न किया कि हरियाणा के स्थापना के 57 वर्ष पूरे होने के बाद भी हरियाणा राज्य का अलग हाईकोर्ट क्यों नहीं बना है?**



**एमके अरोड़ा ,भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी संतोख सिंह ने हरियाणा स्थापना दिवस पर सरकार से मांग की कि हरियाणा का अलग हाईकोर्ट बनाया जाए।

उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि हरियाणा के स्थापना के 57 वर्ष पूरे होने के बाद भी हरियाणा राज्य का अलग हाईकोर्ट क्यों नहीं बना है? वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होने के बाद से हरियाणा और पंजाब का साझा हाईकोर्ट चंडीगढ़ में है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 के अनुसार प्रत्येक राज्य का अलग हाईकोर्ट होना चाहिए।

अलग हाईकोर्ट हरियाणा का अधिकार है। उन राज्यों में भी अलग हाईकोर्ट है, जो पिछले कुछ दशक में बने हैं। देश का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम है जिसकी जनसंख्या लगभग 61 लाख है और उसका अपना अलग हाईकोर्ट है। जबकि आधार के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-2023 में हरियाणा की जनसंख्या लगभग 2 करोड़ 74 लाख है और हरियाणा राज्य के स्थापना के 57 वर्ष पूरे होने के बाद भी उसका अपना अलग हाईकोर्ट नहीं बना है। नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड के अनुसार इस समय पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में लगभग चार लाख 43 हज़ार केस लंबित है। उन्होंने कहा कि अलग हाईकोर्ट हरियाणा का अधिकार है।उन्होंने सरकार से मांग की कि हरियाणा में अलग हाईकोर्ट की स्थापना की जाए।

# सैक्टर 7 में मकान की दूसरी मंजिल पर लगी आग

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**



गुरुग्राम। सैक्टर 7 के एक मकान में आग लगने से हडकंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार प्रातः सैक्टर 7 स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल पर आग लगने के कारण दोनों महिलाओं ने शोर मचा दिया। एक महिला तो भागने में कामयाब रही, जबकि दूसरी महिला कमरे में फंस गई थी। मौके पर पहुंची 4 फायरबिग्रेड की गाडियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और महिला को सकुशल बाहर निकाला। बताया जाता है कि आग इतनी भयंकर थी कि दूसरी मंजिल पर आग लगने के कारण तीसरी व चौथे फ्लैट पर भी काफी नुकसान हो गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

# भाजपा ने 9 सालों तक जनता को लूटा : डावर

**एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र**

गुरुग्राम। भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरे होने पर आज भाजपा वाले आम जनता के बीच जाकर खुशियां क्यों नहीं मना पा रहे हैं इसके पीछे बड़ा कारण है यह कहना है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर का, पंकज डावर ने कहा कि आज भाजपा के नेता अपने कार्यालय में बने कमरों के अंदर बैठकर भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरे होने की खुशियां मना रहे हैं भाजपा के नेता जनता के बीच क्यों नहीं जा पा रहे हैं इसके पीछे कारण यह है कि जनता अब इन नेताओं से 9 साल में की गई काली कमाई का हिसाब मांगने लगी है पंकज डावर ने कहा कि भाजपा ने 9 सालों में सिर्फ जनता की जेब पर डाका डालने का कार्य किया भाजपा ने प्रदेश में दो बार आम जनता को गुमराह करके सरकार तो बना ली लेकिन उनके नेताओं ने सिर्फ अपनी तिजोरिया भरने का काम किया अब जनता खुद बता रही है कि 9 साल के कार्यकाल में भाजपा ने क्या किया भाजपा के 9 सालों में महंगाई 5 गुना भ्रष्टाचार 10 गुना बेरोजगारी 20 गुना बढ़ गई यह आंकड़े हमारे नहीं है बल्कि जब हम आम जनता के बीच उनके दुख सुख में जाते हैं तो आम



जनता यह बातें कर रही है पंकज डावर ने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता जिस तरह आम जनता को लूटने के लिए लिस्ट बनाते हैं उसी तरह अब प्रदेश की जनता भी आने वाले चुनाव में भाजपा के नेताओं की लिस्ट तैयार कर रही है प्रदेश की जनता ने अब भाजपा को वोट की चोट मार कर सबक सिखाने का मन बना लिया है




## खबर फटाफट

### आयुष विभाग ने लगाया जांच शिविर



**तावडू।** उपमंडल के गांव धुलावट में आयुष विभाग के द्वारा सेवा पखवाड़ा आयुष्मान भव- के तहत 4 नवंबर तक हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद पर निशुल्क कैंप लगाया गया। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डाक्टर यशवीर गहलावत और डाक्टर मनोज मजोंका मौजूद रहे। जिसमें वात रोगए, खांसी, चर्म रोग, खांसी जुकाम, एलर्जी, बुखार, शुगर, बीपी रोग अनुसार निःशुल्क दवाईयां दी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डाक्टर यशवीर गहलावत ने बताया हमें शुद्ध सात्विक और संतुलित आहार करना चाहिए। बासा भोजन, दुर्गंध युक्त भोजन गला सड़ा भोजन नहीं करना चाहिए। कैंप जिला आयुष अधिकारी डाक्टर अजीत यादव के नेतृत्व में लगाया गया। डाक्टर मनोज मंजोका ने बताया आयुर्वेद हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। आयुर्वेद के द्वारा हम स्वस्थ और निरोग रह सकते हैं। वैसे तो हमारे जीवन में आयुर्वेद भोजन से जुड़ा हुआ है, हमें संतुलित आहार करना चाहिए। भोजन के साथ-साथ हरी पत्तेदार सब्जियां और फलों का भरपूर सेवन करना चाहिए।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव सीलखों में टायर खरीदने आए 3 व्यक्तियों ने 4 लडके धोखाधडी कर मोबाईल फोन व कागजात छीन कर भाग गए। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर 4 लडकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला मुज्जफरनगर के गांव सालारपुर निवासी नुरकान ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह टायरों का काम करता है। उसकी एक व्यक्ति जिसका नाम आसिफ से फोन पर बात चीत हो रही थी। आसिफ ने अपने पास पुराने स्क्रैप के टायर बताये थे। उन टायरो को देखने के लिए गत 31 अक्टूबर को वह व उसके गांव शारुख निवासी सालारपुर तथा बरकत अली निवासी रसुलपुर दानिश कालोनी जिला साहरनपुर थाना देहात कोतवाली साहरनपुर गाडी में गांव सीलखो पहुंचे। जब उसने टायर वालों से बात करी तो वह बोले उनके पास कोई टायर वायर नहीं हैं और उसका मोबाईल फोन व शारुख का आधार कार्ड छीनकर भाग गये। पुलिस ने नुरकान की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### न्यू कालोनी का प्रतिनिधिमंडल बोधराज सीकरी से मिला

**गुरुग्राम।** आरडब्ल्यूए सेंटर ग्राउण्ड न्यू कालोनी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान दलीप लूथरा की अगुवाई में प्रताप नगर स्थित डेरावाल भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बोधराज सीकरी को हरियाणा पंजाबी बिरादरी का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर फूलमाला पहनाकर बधाई दी। प्रधान दलीप लूथरा ने कहा कि बोधराज सीकरी समाजसेवा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है। वह सामाजिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर पंजाबी समाज को एकजुट करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने गुरुग्राम की कई संस्थाओं को एक साथकर समाज में अपनी अहम भूमिका निभाई है। लूथरा ने कहा कि आजादी से लेकर देश के सर्वांगीण विकास में पंजाबी समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पंजाबी बिरादरी के लोगों ने बिना किसी आरक्षण के अपने पुरुषार्थ के बल पर उच्च मुकाम प्रत्येक क्षेत्र में हासिल किया। आज देश के विकास में समाज पूरा योगदान दे रहा है। प्रतिनिधिमंडल में समाजसेवी एचएस चावला, लीगल एडवाईजर सुभाष ग्रोवर अधिवक्ता, आरडब्ल्यूए के चेयरमैन सतीश आहूजा, महासचिव संजय मदान, अश्विनी वर्मा, रमेश कामरा, विजय वर्मा, अशोक वर्मा, रामलाल ग्रोवर, आदि मौजूद रहे।

### आठों ब्लॉकों के सरपंचों की मीटिंग हुई



**नारनौल।** नारनौल में सरपंच एसोसिएशन जिला महेंद्रगढ़ की एक बैठक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक में जिला महेंद्रगढ़ के आठों ब्लॉक के सरपंच मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी 5 नवंबर को टोहाना में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सरपंच सम्मेलन रहा। बैठक में सरपंच संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने सरपंचों को आगामी पांच नवंबर को आयोजित होने वाली रैली का न्यौता दिया।

शहर के एक होटल में सरपंच एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल, महेंद्रगढ़, सतनाली, कनीना, अटेली, सीहमा, नांगल चौधरी और निजामपुर खंड के सरपंचों ने भाग लिया। इस मौके पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सरपंच संगठन के प्रदेश प्रधान रविंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की सरपंच विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 5 नवंबर को टोहाना में सरपंचों की एक प्रदेश स्तरीय रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदेश स्तरीय रैली में सरपंचों की जायज मांगों को उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरपंचों के अधिकार मौजूदा सरकार ने खत्म कर दिए हैं। जिसके कारण सरपंचों के पास अब कोई काम नहीं रह गए। सरपंच केवल नाम मात्र के ही सरपंच रह गए हैं। उन्होंने कहा की रैली में सरपंचों की जायज मांगों को उठाया जाएगा। जिनमें प्रमुख रूप से ई टेंडरिंग को समाप्त करने की मांग के अलावा सरपंचों को अन्य अधिकार देने की बात रखी जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी समर्थन देने के लिए सम्मिलित होंगे। उन्होंने जिला महेंद्रगढ़ के सभी खंडों के सरपंचों से आह्वान किया कि वे 5 नवंबर को आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सरपंचों के सम्मेलन में पहुंचे तथा सरकार की सरपंच विरोधी नीतियों के खिलाफ अपना बिगुल बजा दे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए सरपंचों के पास अपने अधिकार रखने का यह है अच्छा अवसर है। इसलिए सभी सरपंच एकजुट होकर सरकार की सरपंच विरोधी नीतियों का विरोध करें।

## नूंह-तावडू में करवा चौथ पर्व धूमधाम से मनाया, सुहागिनों ने सुनी करवाचौथ की कथा

### पति की लंबी आयु और सलामती के लिए रखा निर्जला व्रत

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह । नूंह में बुधवार को करवाचौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया, सुहागिनों ने सुबह से ही व्रत रखकर 16 श्रृंगार कर चौथ माता की पूजा अर्चना में जुटी रही और सांय को माता की पूजा कर व कहानी सुनकर रात को चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला सुहागिनों ने अपने पति की लम्बी आयु की कामना के लिए यह निर्जला व्रत रखा। आपको बता दें कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ व्रत मनाया जाता है। नूंह शहर की महिलाऐं सोनिया शर्मा , वंदना कुमारी, शिमला, मोनिका, सुशीला, एकता, मायादेवी , यशोदा, सोनिया, प्रिया , पूनम, अन्नू, कोमल, कांता , संतोष देवी , प्रिती, सुमन शर्मा, ममता एलावादी, सुमन, आशा मोहन, कविता व अलका आदि ने बताया कि करवा चौथ व्रत सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत होता है, इस दिन महिलाऐं निर्जला व्रत रखकर रात को चांद देखने के बाद ही कुछ खाया जाता है ,इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सलामती के लिए व्रत रखती हैं, तो वहीं कुंवारी लड़कियां भी अच्छे वर के लिए इस दिन व्रत रखती हैं। इतना ही नहीं आपको बता दें कि आजकल महानगरों में कई पुरूष भी अपनी पत्नियों के साथ करवा चौथ का व्रत रखते हैं। सांय को महिलाओं ने एकत्रित होकर माता की पूजन कर कहानी सुनी तथा मिटटी के करवा में पानी भरकर रात को चांद देखकर उसे अर्घ्य देकर व्रत खोला।

### करवाचौथ पति-पत्नी के अखंड प्रेम और त्याग की चेतना का प्रतीक



नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । शहर व क्षेत्र में बुधवार को श्रद्धा व हर्षोल्लास से करवाचौथ पर्व मनाया गया। सुहागिनों ने अपने पति की मंगल आयु एवं अखंड सुहाग की प्राप्ति के लिए व्रत रखा। करवाचौथ पति-पत्नी के अखण्ड प्रेम और त्याग की चेतना का प्रतीक है। सुहागिनों ने चंद्रमा के साथ-साथ शिव पार्वती व गणेश तथा कार्तिकेय की पूजा मनोकामना पूर्ति हेतु की।

विवाहिता राजकुमारी, सीमा रानी, काजल, रेणू, रेखा, नीतू, अन्नू, ममता, मोना, अंजु शर्मा, नेहा रानी, ज्योति रानी आदि सुहागिनों ने बताया कि भारतीय महिलाओं की आस्था, परंपरा, धार्मिकता अपने पति के लिए प्यार, सम्मान, समर्पण करवाचौथ के व्रत में सब कुछ निहित है। करवाचौथ अब केवल लोकपरंपरा ही नहीं, पौराणिकता के साथ-साथ इसमें आधुनिकता का प्रवेश हो चुका है और यह त्यौहार भावनाओं पर केन्द्रित हो गया है।

आज की पीढी कितनी ही मार्डन क्यों न हो गई हो, लेकिन वह आज भी अपने पूर्वजों के दिखाए मार्ग पर चलकर उनके विश्वास व आस्था को स्थापित किए हुए है।

## तावडू के चिराग का भारतीय जूनियर हॉकी टीम में चयन

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र



तावडू । उपमंडल के गांव जौश्रासी के चिराग धारीवाल ने प्रतिभा मोहताज नहीं होती सुविधाओं का इसको चरितार्थ करके दिखाया है। चिराग धारीवाल को भारतीय जूनियर हॉकी टीम में चयन होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चिराग धारीवाल के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। चिराग धारीवाल जो कि भारतीय जूनियर टीम अब नीदरलैंड के लिए 10 दिन के ट्रेंनिंग विद टूर्नामेंट के लिए जा रही है, उसमें चिराग का भी चयन हुआ है। जैसे ही गांव में पता लगा तो खुशी की लहर दौड़ गई और घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। मेवात एक पिछड़ा हुआ एरिया में फिर भीए मेवात जिला में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यह मेवात का कोई पहला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होगा,। जिसने हॉकी खेल में जिसने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया हो। भारतीय टीम में चयन करवाया और अपने आप को कुछ खेल में साबित किया। अपनी प्रतिभा को सामने लाया है। चिराग एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार से संबंध रखते हैं।इस खुशी के मौके पर वेद प्रकाश लांबा खेल अधिकारी मेवात ने चिराग और उसके पिता धर्मेंद्र धारीवाल, माता अनीता देवी को बधाई दी और उसके कोच को बधाई थी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे ही अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते रहे और आगे बढ़ते रहें। चिराग ने बताया कि यह उसे प्रेरणा उसके पिता धर्मेंद्र धारीवाल से मिली। वह भी एक सपोर्ट पर्सन रहे हैं जो की नेशनल स्तर के मुक्केबाज रहे हैं और पिता के सपोर्ट पर्सन होने के कारण उसे खेल में डाला और भारत में आगे बढ़ाने के लिए साथ दिया। उसने हॉकी खेलना शुरू किया, उसका बड़ा भाई विनय धारीवाल भी हॉकी खेलते हैं। विनय धारीवाल भी राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी है। चिराग स्वर्गीय वेद राम धारीवाल के पोते हैं इस खुशी के मौके पर मुकेबाज़ी अंतराष्ट्रीय कोच अजय धामीवाल जौरासी, सभी ग्राम वासियों ने चिराग को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मनमोहक कलाकृतियां बनाकर छात्रों ने मोह लिया सबका मन



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा दिवस पर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थित महानुभावों की खूब तालियां बटोरी। इसी क्रम में जिले के नाहरपुर रुपा क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने इनमें बढ़-चढ़कर भाग लिया और मनमोहक कलाकृति बनाकर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी छोटेलाल प्रधान, राजेश पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए अपने आशीर्वचन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी छात्रों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी कराया गया।

## देश में कहीं भी बेरोक-टोक घूम सकते हैं तिब्बती

**अपनी आजीविका के लिए तिब्बत मार्केट लगाकर की है बेहतर शुरुआत,शासन, प्रशासन उन्हें उनका बाजार चलाने में पूर्ण सहयोग भी देते हैं**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। गुरुग्राम। बुधवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने तिब्बत रिफ्यूजी हैंडलूम एसोसिएशन द्वारा आयोजित शीतकालीन कपड़ों के मेले का शुभारंभ किया।

यहां राजपूत वाटिका में लगाई गई तिब्बत मार्केट में सर्दियों के वस्त्रों की उपलब्धता रहेगी। इस अवसर पर तिब्बती लोगों का स्वागत करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि तिब्बत के लोगों के लिए भारत देश बड़ा बाजार है। यहां वे खुली हवा में सांस ले सकते हैं। बिना किसी रोक-टोक के देश में कहीं भी आ-जा सकते हैं। उनका देश में हर शहर में उचित मान-सम्मान होता है। शासन, प्रशासन उन्हें उनका बाजार चलाने में पूर्ण सहयोग भी देते हैं। पिछले 18 साल से यहां तिब्बत मार्केट लगाते आ रहे इन लोगों को आज तक कोई दिक्कत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारत में शांति के मार्ग पर चलने वाले हर किसी का स्वागत होता है। यहां की शांति भंग करने वालों के साथ सख्ती होती है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि तिब्बत का चीन के कब्जे से आजाद कराने के लिए भारत सरकार सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है। भारत-तिब्बत सहयोग मंच भी अपने स्तर पर जागरुकता फैलाने में लगा है। तिब्बत की आजादी और मानसरोवर की मुक्ति का मिशन लेकर यह मंच लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिब्बत के लोगों को चीन से अधिक भारत पर भरोसा है। यहां उन पर व्यापार, दुकानदारी को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है। खुले मन से उनका सब शहरों में स्वागत होता है। उनकी मार्केट और प्रोडक्ट को लोग पसंद भी करते हैं। खूब खरीदारी यहां की जाती है। इस अवसर पर महिंद्र सिंह, संतोष ठाकुर, अशोक सिंह, महेश राघव, आरपी सिंह के अलावा तिब्बती मार्केट टीम से डोलमा स्ट्रिंग, टेंजिन धवला, टेंजिन पलजोम, पेमा, टेंजिन चोसंग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## प्रभु हनुमान जैसा भगत बनना आसान नहीं : सीकरी

**हनुमान चालीसा पाठ मुहिम ने पार किया 4 लाख 20 हजार का आंकड़ा**

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। वहोवा पंचायत द्वारा पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी द्वारा करीब 8 माह पूर्व शुरु की गई हनुमान चालीसा पाठ मुहिम के तहत डेरावाल भवन प्रताप नगर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें 225 साधकों ने सामूहिक रुप से हनुमान जी की स्तुति की। पंडित भीमदत्त के मंत्रोच्चारण के साथ गजेंद्र गोसाईं ने हनुमान चालीसा का पठन कराया। श्रद्धापूर्वक साधकों ने 21 बार पाठ किया। वहोवा पंचायत के प्रधान सीबी मनचंदा, वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष ग्रोवर एडवोकेट आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बोधराज सीकरी द्वारा शुरु की गई मुहिम लोगों को एक साथ आद्यात्मिक रुप से जोडने् का काम कर रही है। बोधराज सीकरी ने कहा कि ईश्वर की भक्ति करना आसान नहीं हैं। हमें हनुमान जी की तरह समर्पण भाव से ईश्वर की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम का जीवनपर्यंत साथ दिया और उनकी शरण में रहे। उन्होंने कहा कि हरि के भगत यानी राम के भगत अंत काल में जब वह अयोध्या पहुंच गए वहां जाकर के भगत कहलाने के लायक हुए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ब्रह्म को एक परिपक्व आंख ही देख सकती है एक साधारण व्यक्ति नहीं देख सकता। उन्होंने उदाहरण दिया कि सुग्रीव और हनुमान पर्वत पर एक साथ बैठे थे, लेकिन सुग्रीव की परिपक्वता यह थी कि उन्हें मालूम था कि मैं जीव हूं और मैं ब्रह्म को नहीं जा पाऊंगा। इसलिए शिव के अवतार हनुमान जी से आग्रह किया कि जाओ देखो यह राजकुमार कौन है। जामपुर शिव मंदिर में 30 साधकों ने 5-5 बार, 40 युवाओं ने जनता रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर में 21-21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया और आश्वासन दिया कि हर मंगलवार को नियमित रूप से पाठ को करेंगे। मंगलवार के पाठों को मिलाकर अब 141 स्थानों पर 29,848 साधकों द्वारा 420,888 पाठ हो चुके हैं। व्यासपीठ से गजेंद्र गोसाईं ने कहा कि मूर्तियों का विसर्जन यथा स्थान करें। जगह जगह विग्रहों को न रखे। जैसे कि अकसर लोग खंडित विग्रहों को पीपल के पेड़ के नीचे रख देते हैं जो कि गल्त हैं। भगवान की मूर्तियों को गिफ्ट में न दे। डा. अलका शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, अनिल कुमार, राम लाल ग्रोवर, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, बाल किशन खत्री, रवि मनोचा, उमेश ग्रोवर, सुरेंद्र बरेजा, रजिंदर बजाज अश्विनी वर्मा, रणधीर टन्डन, ओमप्रकाश कालरा, द्वारका नाथ कक्कड, अशोक सीकरी, सतपाल नासा, सीबी मनचंदा, सुभाष ग्रोवर एडवोकेट, एलके सरदाना, राजीव गांधी, मलिक मोहन गांधी, जवाहर खरबंदा, जवाहर ग्रोवर, देस राज खुराना, उमेश सरदाना, अशोक गेरा, किशोरी डुडेजा, दलीप लूथरा प्रधान आरडब्ल्यूए, सतीश आहूजा, ज्योत्सना बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, रीटा रानी, सीमा कपूर, शशि, सिमरन, सुषमा अरोडा, सन्तोष पाहुजा शामिल रहे।

## सुहागिनों ने कथा सुन रखा करवाचौथ का व्रत

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। पति की दीर्घायु के लिए विवाहित महिलाओं ने बुधवार को करवाचौथ का व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश का पूजन किया। आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में करवाचौथ का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। अब युवतियां भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। बड़ी संख्या में युवतियों ने भी करवाचौथ का व्रत रखकर मनवांछित पति की कामना की। परिवार की वृद्ध महिलाओं ने पंडित द्वारा करवाचौथ की कथा सुनाई और उन्हें सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद भी दिया। इसी क्रम में सैक्टर 57 स्थित एसके मल्होत्रा के निवास पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, गणेश कथा सुनी। चुन्नीलाल शास्त्री ने महिलाओं को करवाचौथ से संबंधित कथा सुनाई और व्रत के नियमों से संबंधित जानकारी दी। चंद्रमा को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने अपना व्रत खोलकर बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। कथा श्रवण करने वाली महिलाओं में डा. स्वाति मल्होत्रा, इंद्रा मल्होत्रा, अंजू, गीता, नश्वा ओबेराय, पूनम, स्वाति नागिया, रेखा, शर्मिला यादव, मीना मालिक उपस्थित रही।

## मिस्टर यूनिवर्स बने नवनीत कुमार उर्फ नवी सिंह का नारनौल पहुंचने पर किया स्वागत

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र



नारनौल। मिस्टर यूनिवर्स बने नवनीत कुमार उर्फ नवी सिंह का आज पैतृक शहर नारनौल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा की जिला अध्यक्ष दयाराम यादव भी उपस्थित थे। लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत कर उनको खुली कार में बैठाकर स्वागत किया। बस अड्डे से उनके घर दशमेश नगर तक करीब 3 घंटे में एक जुलूस के रूप में नवी सिंह को लाया गया। इस दौरान रास्ते में भी अनेक जगह पर नवी सिंह का स्वागत हुआ। आज नारनौल में शहरवासियों द्वारा थाईलैंड से बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर यूनिवर्स का खिताब जीत कर आने वाले नवी सिंह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीजेपी जिला प्रधान दयाराम ने बस स्टैंड से नवी सिंह की विजय यात्रा का शुभारंभ उनको माला पहना किया। उसके बाद विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने नवी सिंह को उनकी यात्रा के दौरान फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। विजय यात्रा के दौरान शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए सभी व्यापारियों ने भी नवी सिंह का स्वागत किया। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि चौक पर वाल्मीकि की प्रतिमा को पुष्पमाला पहनाकर नवी सिंह ने नमन किया। उसके बाद हेल्थ मंत्रा जिम पर उनके साथियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान गुरु रविदास आश्रम में भी नवी सिंह ने महंत बालकदास जी का आशीर्वाद लिया। अंत में मोहल्ला महल में यात्रा का समापन किया गया। इस मौके पर कैलाश चंद, संजय अमन, नवीन, जयसिंह नारनौलिया, नवीन सारवान, रोहताश सारवान, करतार जैदिया, सुरेंद्र नारनौलिया, एसडीओ विजयपाल, धीरज, पुष्पेंद्र, पवन, प्रताप सिंह, जोगेंद्र सिंह आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

**हाल-बेहाल** मेवात जिले में सड़कों पर अतिक्रमण बढ़ने से हो रहे हैं हादसे

## कुंभकर्णी नींद में सोया पीडब्ल्यूडी विभाग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र



नूंह । मेवात उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा द्वारा पिछले दिनों जिले की सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ बैठक कार्यवाही करने के आदेश दिए थे, लेकिन बैठक को लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी विभाग द्वारा ऐसी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे सड़क पर अतिक्रमण वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया हो या फिर उनके अतिक्रमण को हटाया हो। जिससे आज भी मेवात में सड़कों पर अतिक्रमण वालों के हौसले बुलंद है और सड़क पर हुए इस अतिक्रमण से लगातार हादसे हो रहे हैं। इतना ही नहीं हादसों के साथ-साथ आए दिन जाम की समस्या भी बनी रहती है, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग इस अतिक्रमण को लेकर गंभीर नहीं है। आपको बता दे कि लगभग एक सप्ताह पहले जिला उपायुक्त धीरेंद्र खटगडा ने सड़क सुरक्षा को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग और पुलिस विभाग के साथ बैठक कर सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही थी। इतना ही नहीं जिन लोगों को नोटिस देने के बाद भी वो अपना अवैध कब जाना हटाए तो, डीसी साहब ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। आपको बता दें कि मेवात जिले में सड़कों पर अतिक्रमण करने व फुटपाथ पर अवैध कब्जा कर दुकान बनाकर हादसों को न्योता दिया जाता है। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग सब कुछ जानते हुए भी अनजान बना हुआ है ।

### अतिक्रमण की वजह से लोग परेशान

आपको बता दें की बड़कली से लेकर पुनहाना तक सड़क के दोनों ओर व फुटपाथ पर अवैध कब्जे के कारण यहां के राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि यहां के लोगों ने शिकायत नहीं दी बल्कि शिकायत करने के बावजूद भी विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया। हद तो तब हो जाती है जब पिनगवां और गांव शाह चोखा के मैन रोड पर अवैध अतिक्रमण की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन विभाग को शिकायत करने के बावजूद भी विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। हद तो तब हो गई जब विभाग द्वारा उपायुक्त के आदेश देने के बावजूद भी अभी तक पिनगवां और शाह चोखा में सड़क पर अवैध कब्जे को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिले के लोगों ने उपायुक्त से जल्द से जल्द सड़कों पर किए हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

## खबर फटाफट

### कनीना में पकड़ी 24 बोतल अवैध शराब

कनीना। कनीना पुलिस ने मुखबिरी के आधार पर कनीना से ककराला की तरफ जाने वाले अंडरपास के नीचे दो व्यक्तियों से 24 बोतल अवध शराब पकड़ी है। गत्ता पेटी में 12 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 12 बोतल देशी शराब अवैध बरामद कि हैं। आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली कि कनीना से ककराला की तरफ जाने वाले मार्ग पर अंडरपास के नीचे दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आवाज शराब बेच रहे हैं। कनीना पुलिस ने छापामारी कर रत्न सिंह वॉर्ड 5 व विकास वॉर्ड 6 कनीना को पकड़ा। कनीना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला ने पति के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया

मंडी अटेली। गांव तिगरा में पति की प्रताडऩा से परेशान महिला ने पुलिस में अपने पति के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने पति पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस में दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि मेरा पति शराब का आदि है। शराब पीकर मरे को हरमेंट करता है। इसके अलावा मेरा दादा ससुर को भी मारता है। वह बच्चोंको भी परेशान करता है। प्रतिदिन गंदी गाली तथा रोजाना मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। अटेली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### तिगरा में कबड्डी प्रगतियोगिता 5 को

कनीना। गांव तिगरा में 5 नवंबर को नैशनल जूनियर कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत नैशनल स्टाइल कबड्डी सहित लांग जंपए दौड़ तथा गोला फेंक इत्यादि स्पोर्ट्स प्रतियोगिता करवाई जाएगी। उक्त जानकारी प्रदान करते हुए प्रधान कर्णसिंह ने बताया कि आगामी 5 नवंबर को गांव के सहयोग से 14 वर्ष, 17 वर्ष तथा 21 वर्ष आयु वर्ग की नैशनल स्टाइल कबड्डी का आयोजन किया जाएगा। 14 वर्ष आयु वर्ग विजेता टीम को 3100 रुपएए 17 वर्ष आयु वर्ग को 4100 रुपए तथा 21 वर्ष आयु वर्ग को 5100 रुपए ईनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता में कबड्डी के अतिरिक्त लांग जंपए दौड़ तथा गोला फेंक प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।

### दीपक कुमार वशिष्ठ हरियाणा युवा समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित

**कनीना।** राष्ट्रीय एकता दिवस व हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म आफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट, निफा संस्था द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को राज्य स्तर पर डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम करनाल में सम्मानित किया गया। जो कि पिछले सालों से विभिन्न प्रकार के सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढक़र भाग ले रहे हैं। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ जिले की संस्था जनशक्ति विकास संगठन के अध्यक्ष दीपक कुमार वशिष्ठ, सचिव प्रवीण अत्रि और उपाध्यक्ष कुसुम लता को हरियाणा पुलिस के महानिदेशक डा. आरसी मिश्रा द्वारा हरियाणा युवा समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दीपक कुमार वशिष्ठ ने बताया कि उनको और उनकी संस्था के सदस्यों को यह पुरस्कार सामाजिक गतिविधियों जैसे रक्तदान, पौधारोपण, महिला जल संरक्षण और नशा मुक्ति आदि कार्यों के लिए दिया गया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के समय हरियाणवी कलाकारों डा. महावीर गुड्डू, नवीन पूनिया, सुमित शर्मा द्वारा रागनी और देशभक्ति के गीतों से लोगों का मनोरंजन किया और उन्होंने देशभक्ति के गीतों के द्वारा हमारे देश के शहीदों की शहादतों के बारे में बताया।इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक डा. आर.सी. मिश्र, पूर्व एडीजीपी हरियाणा राजवीर देशवाल, निफा संस्था के अध्यक्ष प्रीतपाल पन्नू, निफा महासचिव हरियाणा दलबीर सिंह, अनीता कुंडू ,अनिल सिंघानिया, डा. कृष्ण अरोड़ा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय हरियाणा चैलेंज कप रस्सी कूद प्रतियोगिता में हर्षिता द्वितीय

**कनीना।** आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल कनीना में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चौथी कक्षा की छात्रा हर्षिता ने राज्य स्तरीय हरियाणा चैलेंज कप में रस्सी कूद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल करने पर प्राचार्य रेणु राघव ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य रेणु राघव ने कहा कि गत दिवस भिवानी पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय हरियाणा चैलेंज कप का आयोजन किया गया था। जिसमें रस्सी कूद प्रतियोगिता में हर्षिता द्वितीय स्थान हासिल कर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रकार की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को भाग लेना चाहिए इससे आत्म विश्वास पैदा होता है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में नन्हें मुन्ने कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हरियाणवी संस्कृति की खुशबू से सराबोर मनभावन प्रस्तुतियां सहज ही मन को चुरा ले जा रही थी। हिमांशी, हितैषी, आरजू, जिया, चारु और अवनी के हरियाणवी नृत्य 'हरियाणा एक हरियाणवी एक' ने समां बांध दिया था तो वही निधि और नैतिक के गीत 'देशां में देश भारत, भारत में हरियाणा की मधुर प्रस्तुति ने सभी को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया था।

नांगल चौधरी के पूर्व विधायक राव बहादुर ने कहा

# कांग्रेस पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो निर्दलीय लड़ेंगे लोस चुनाव

## महेंद्रगढ़ भिवानी लोक सभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं

**वे मौजूदा सांसद धर्मवीर सिंह से महज 46 हजार वोटों से हारे थे**

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



नारनौल। नांगल चौधरी में पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता राव बहादुर सिंह ने कहा कि जनता के मान सम्मान को देखते हुए अगर कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट भी नहीं दी गई तो वे लोकसभा के चुनाव लड़ेंगे। इसी चुनाव की तैयारी के लिए आज उन्होंने हरियाणा राजस्थान बॉर्डर के गांव राय मलिकपुर से हरियाणा दिवस के अवसर पर हवन किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकार वार्ता में लोकसभा चुनाव लडऩे की बात कही। इस मौके पर अनेक लोग उपस्थित रहे। राव बहादुर सिंह ने कहा कि वे नांगल चौधरी से विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा वे महेंद्रगढ़ भिवानी लोक सभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। जिसमें वे मौजूदा सांसद धर्मवीर सिंह से महज 46 हजार वोटों से हारे थे। उन्होंने कहा कि जिला में वे कांग्रेस के सबसे बड़े नेता हैं। नारनौल से भी से विधान सभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस हिसाब से वे कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े दावेदार हैं। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। इसके चलते उन्होंने आज से लोक सभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा दिवस के अवसर पर उन्होंने इसकी शुरुआत राजस्थान बॉर्डर के रायमलिकपुर बॉर्डर से की है। आगामी 14 जनवरी तक वे पूरी लोक सभा का दौरा कर लेंगे। जिसके बाद 14 जनवरी को एक बड़ा कार्यक्रम करेंगे। मौके पर राव होशियार सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# सीएम फ्लाइंग ने कनीना में मिठाई की दुकानों पर छापा मारकर सैंपल लिए



इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

कनीना। त्योहार के मद्देनजर बाजार में मिलावट की भी शिकायतें आने लगी हैं। लोगों को मिठाई के साथ अन्य खाद्य पदार्थ खरीदते वक्त गुणवत्ता की जांच के बाद ही लेने की सलाह दी जाती है। मंगलवार को मुख्यमंत्री उडऩदस्ता की टीम ने कनीना बस स्टैंड के सामने वह कनीना बाजार में मिठाई की दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। इसमें अलग-अलग मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है। गुप्त सूचना के आधार पर पहुंची टीम को कई अनियमितताएं मिलीं। सूचना मिल रही थी, यहां घटिया किस्म की मिठाई बेचकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएम फ्लाइंग की टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. दीपक चौधरी की टीम मिठाई किराना स्टोर की दुकानों पर पहुंची। इस दौरान एक दुकान से बर्फी और कलाकंद के सैंपल लिए गए। इसके बाद अन्य दुकाने पर खोया और मैदा के सैंपल लिए गए। अन्य दुकानो से बेसन और बर्फी के सैंपल लिए। अब दीपावली तक इसी प्रकार की कार्रवाई की उम्मीद है। इससे अनियमितताएं बरतने वाले कुछ सचेत हो सकेंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. दीपक चौधरी ने बताया कि दीपावली के सीजन में मिठाइयों में मिलावट की आशंका बनी रहती है जिसको लेकर क्षेत्र के विभिन्न दुकानों के सैंपल लिए जा रहे हैं।

# सर्दियों की शुरुआत होते ही जरूरतमंद लोगों को कपड़े वितरित किए



इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। जनहित के कार्यों में सर्वदा अग्रणी संस्था रोटरी क्लब नारनौल सिटी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्दियों की शुरुआत में ही अपने बहु प्रचलित प्रोजेक्ट नेकी की दीवार का शुभारंभ कर दिया है। महावीर चौक पर रोटरी रसोई के बाहर संचालित होने वाली इस नेकी की दीवार के माध्यम से क्षेत्र के अनेक जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत का सामान कपड़े, बर्तन, खिलौने, जूते इत्यादि उपलब्ध करवाया जाता है। इसमें शहर के कोई भी नागरिक अपने घरों से अपने पुराने कपड़े जूते इत्यादि गैर जरूरी सामान जो किसी अन्य जरूरतमंद के काम आकर उसके लिए सुविधा बन सकता है। लोग ऐसा अपना कोई भी सामान यहां रोटरी क्लब में पहुंच रहे हैं जहां पर इस नेकी की दीवार के माध्यम से वह सारा सामान झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद लोगों, बाहर से आकर यहां रह रहे आश्रितों को मुहैया करवाया जाता है। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान नरेश गोगिया ने कहा कि आज कल दिवाली की सफाई के समय हम लोग अपने घरों से अतिरिक्त सामान जो हमारे उपयोग में अब नहीं आ रहा है, उस सामान को कोई भी इच्छुक नागरिक रोटरी रसोई पर पहुंचा सकता है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों की सेवा की जा सके। क्लब सचिव विनोद चौधरी ने बताया कि क्लब द्वारा पिछले 5 वर्षों से हर वर्ष पुराने सामान के लिए यह नेकी की दीवार चलाई जाती है। जिसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को ठंड के मौसम में गर्म कपड़े इत्यादि उपलब्ध किया जा सके। प्रोजेक्ट इंचार्ज विनय मित्तल व नितिन अग्रवाल के साथ इस अवसर पर एडवोकेट राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, नरेश गोगिया, विनोद चौधरी, विजय जिंदल, पावन यादव, डा. एमएम रावत व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बाइक को स्कार्पियो ने मारी टक्कर,बाइक सवार घायल

**मंडी अटेली।** स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सडक़ दुघर्टना का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव रामपुरा निवासी संदीप कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि गत 23 अक्टूबर को किसी काम के लिए अटेली मण्डी गया था उसके बाद शाम को भाई ताऊ का लडक़ा राज कुमार हम दोनों बाइक पर सवार होकर गांव रामपुरा कि ओर जा रहे थे, तब रेलवे पुल अटेली मण्डी पर पहुंचे तो सामने से एक स्कॉर्पियो चालक अपनी गाड़ी को बड़ी तेज गति व लापरवाही से चलाता हुआ लाया सीधी हमारी बाइक को टक्कर मार दी फिर दोनों बाइक सहित गिर गए तब गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को मौके से लेकर भाग गया। फिर मैने खड़ा होकर देखा तो मेरा भाई राज कुमार जो बाइक के पीछे बैठा था। उसको ज्यादा चोटें आई है। इसी समय एम्बुलेंस कि व्यवस्था करके उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों से सम्पर्क किया उसके बाद परिवार वाले एक निजी हॉस्पिटल सिंघाना ले गए। अटेली पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# स्कूल में करवा चौथ एवं हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



नारनौल। स्थानीय मोहल्ला चौधरियान स्थित हरियाणा सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में बुधवार को करवा चौथ एवं हरियाणा दिवस मनाते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र अर्जुन व लोकेश सैनी द्वारा स्वनिर्मित टेली फिल्म जिसमें हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवाते हुए हमारे प्रदेश की आत्मा कहे जाने वाले किसानों की समस्याओं के मद्देनजर पर्यावरण को बचाने, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित करने के लिए शार्ट फिल्म बनाई। जिसको आज विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने यूट्यूब प्लेटफार्म के माध्यम से प्रसारित किया गया और यह प्रसारण विद्यार्थियों के बीच बड़ी स्क्रीन प्रोजेक्टर पर भी दिखाया गया। इस टेली फिल्म द्वारा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण प्रदूषण एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय में बताया गया। फिल्म की खास बात यह रही की छात्रों ने अपने आस-पास की हरियाणवी संस्कृति एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को हल करने की दिशा में अभिनव विचार को वीडियों के माध्यम से साझा किया। करवा चौथ के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहन्दी प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं से नैन्सी प्रथम, तमन्ना सोनी द्वितीय और मुस्कान व शिवानी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। छात्र-छात्राओं को नए विचार लाने के लिए विद्यालय के युवा उत्साही छात्रों को उनके द्वारा कल्पना की गई एक विचार के बारे में देखना हमेशा एक रोमांचक और उत्साहजनक अनुभव होता है। इस अवसर पर प्राचार्य अवनीश कुमार, रामनिवास डीपीई, अशोक यादव, राहुल सोनी, नरेश कुमार, मनमोहन, लोकेश कुमार, दीपक कुमार, अमन कुमार, अल्पना शर्मा, वन्दना सैनी, लक्ष्मी चौहान आदि समस्त अध्यापकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मेरा संकट कट गया रे मेहंदीपुर के दरबार में भजन पर झूमे भक्तजन

**बालाजी जी का चित्र भेंट कर मंडल द्वारा सम्मानित किया गया**

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



नारनौल। श्री राम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ द्वारा मंगलवार रात शहर के हुडा सेक्टर एक में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने की, जबकि मंडल के संरक्षक गुरुजी सांवरमल गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। सर्वप्रथम आचार्य क्रांति निर्मल ने यजमान सौरव अग्रवाल व उनकी पत्नी ममता को परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्वलित करवाई। इसके बाद गायत्री मंत्र व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसमें पंडित महेश शर्मा, विजय हल्दिया, संजय शर्मा, दीपक शर्मा, नरेश मित्तल, विकास अग्रवाल तथा अमित संघी ने सुंदरकांड पाठ के दोहे चौपाइयों का अपने मधुर स्वर से गायन किया जिसमें गौरव म्यूजिकल ग्रुप के मास्टर सुनील ने अपने संगीत की धुन से चार चांद लगा दिए। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ जिसमें विजय हल्दिया ने मेरे बालाजी महाराज तेरा जग में डंका बाज रहा तथा गुरुजी सांवरमल गोयल ने बालाजी तू जल्दी से आजा संकट में तेरो दास पड़ों है सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं क्रांति निर्मल शास्त्री ने मेरा संकट कट गया रे मेहंदीपुर के दरबार में व धमाल सुनाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। अंत में यजमान को बालाजी जी का चित्र भेंट कर मंडल द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से निपुण, दिया, सुरेंद्र अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, लवकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जितेंद्र, रोहित, दिनेश, अजय गुप्ता, रोहताश यादव, सूरज अग्रवाल, मन्नू पंजाबी, विनोद राव, मधु, मोनिका, ईशा, सीता, ममता गुप्ता तथा डा. राज सुनेश यादव आदि भक्तजन मौजूद थे।

# नंदी गौशाला प्रांगण में विभिन्न मूर्तियों की स्थापना की

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



नारनौल। खालड़ा स्थित नंदी गौशाला में श्री रामचंद्र भगवान की मूर्ति का अनावरण प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव के भाई सुरेंद्र पटवारी ने किया। नंदी गौशाला मंदिर में राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की मूर्ति व शिव परिवार की मूर्तियों को गौ सेवक सुबोध कांत गुरुजी ने बनवाकर अपनी तरफ से लगाया। इस मौके पर सुरेंद्र पटवारी ने कहा कि भगवान राम हम सब की आस्था के केंद्र हैं। भगवान का सुमिरन करने से मनुष्य का जीवन नैया पार हो जाती है तथा मनुष्य के बड़े से बड़े पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा की बधाई के पात्र है सुबोध कांत गुरुजी का परिवार जिन्होंने अपनी पुण्य कमाई में से नंदी गौशाला स्थित मंदिर परिसर में श्री रामचंद्र भगवान और शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना करवाई। इस मौके पर नंदी गौशाला प्रधान राजकुमार, जगदीश दीवान, जितेंद्र यादव, दिनेश मास्टर, युवा भाजपा नेता सोमेश यादव सहित अनेको गणमानी लोग मौजूद थे।

# जन विश्वास यात्रा का नारनौल हलके में प्रवेश

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



नारनौल। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मंगलवार सांय नांगल चौधरी हलके में अपना जनसंपर्क पूरा करने के उपरांत बुधवार सुबह से नारनौल हलके में जन विश्वास रैली के लिए जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया। उन्होंने अपने पैतृक गांव कांवी से प्रारंभ करके ढाणी बाठोठा, मांदी, खानपुर, मढांणा, कोजिंदा, नवरंगपुरा, भूषण, शोभापुर, कादीपुरी, पाटीकरा, नीरपुर, गुवानी, छापड़ा सलीमपुर व सुराणा गांवों का दौरा कर लोगों को 10 दिसंबर को दौंगड़ा अहीर में जनविश्वास रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। विधायक ने विभिन्न गांवों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे 9 साल केवल काम किया है। राजनीति नहीं की। इस दौरान हरियाणा सरकार के पूर्ण सहयोग से इस समस्त जिले की जल व्यवस्था में योजनाबद्ध तरीके से सुधार किया है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज व लॉजिस्टिक हब जैसे प्रोजेक्ट आए। जिससे समस्त जिला लाभान्वित होगा। केंद्रीय सरकार ने इस दौरान नेशनल हाईवे का एक विस्तृत नेटवर्क इस जिले को दिया है तथा जिले का आधारभूत ढांचा मजबूत होने के साथ ही अब भविष्य के विकास का रास्ता प्रशस्त हो गया है। उन्होंने जनसंपर्क रैली में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि व्यक्तिगत रूप से उन्होंने 9 साल केवल काम पर ध्यान रखा है तथा काम के माध्यम से ही राजनीति को आगे बढ़ाया है। वह पहला राजनीतिक आयोजन दौंगड़ा अहीर में 10 दिसंबर को जन विश्वास रैली के रूप में करने जा रहे हैं। जिसमें वह समस्त जिले के गांव-गांव में जाकर लोगों को आमंत्रित करेंगे तथा उन्हें विश्वास है कि इस जन विश्वास रैली को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। गांव में जिस तरह से गर्म जोशी से लोग उनकी बातों को सुन रहे हैं उनका सम्मान कर रहे हैं तथा उनका अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आश्वासन दे रहे हैं उससे यह स्पष्ट है कि रैली बहुत बड़ी रैली होने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा व्यापक प्यार उनके उत्साह को बढ़ा रहा है और ज्यादा ऊर्जा के साथ वह क्षेत्र के विकास के लिए आगे काम करते रहेंगे।

**मांग** धर्म संदेश देते हुए बोले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती

# बांस की तरह खोखले न बनकर, अंदर से ठोस एवं गंभीर बनो

मनोज गोयल गुडियानिया,भरोसा मित्र



चरखी दादरी। ज्योतिषपीठ के जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ने धर्म संचार यात्रा के अंतर्गत हरियाणा मंगल यात्रा के दौरान कृष्ण मकड़ानिया के निवास पर धर्मप्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि बांस की तरह खोखले न बनकर, अंदर से ठोस एवम गंभीर बनना चाहिए। संसार में रहो, किंतु संसार तुम्हारे अंदर न आए । अपने आप को अंदर से ठोस बनाओ। अंदर खोखलापन नही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे बांस पानी तैरता है उसी प्रकार संसार सागर में डूबो मत। धार्मिक आचरण करते रहो। मै जिस गद्दी पर विराजमान हूं उसके क्षेत्र में 12 राज्य आते है। अपने क्षेत्राधिकार को देखने के लिए ही हरियाणा का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इतने राज्यों में सबसे पहले मैने हरियाणा को इसलिए चुना क्योंकि इस राज्य के नाम मे हरि का नाम है और हरी के आने के बारे में बताया गया है। जिसकी वजह से सर्वप्रथम मैने हरियाणा का चयन किया। गुरुजी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना है। इसके शुरुआत की न कोई तिथि है और ना ही इसके अंत की कोई तिथि है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म का नाम सनातन इसलिये है जो चीज सदा रहती है या सदा रहने का बोध करवाती है। इस अवसर पर रोहतास शर्मा, राहुल मराठा, कृष्ण मकड़ानिया, अजय मकडानिया , बलराम गुप्ता, विष्णु जी, सतीश बजाज, ललित महाजन, मनोज गोयल गुडियानिया, विनोद गर्ग,ऋृषु गोयल, विकास गुप्ता, गौरी शंकर सिंगला, प्रदीप चिड़ियावाले, जयकिशन शर्मा, कवर्धा से आनंद उपाध्याय, अलवर सहित आयोजन समिति के अनेक सदस्य व गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में 410 रोगियों को बांटे चश्मे, 22 मोतियाबिंद ऑपरेशन को किया चिन्हित

इंद्रजीत सिंह,भरोसा मित्र



निजामपुर। चौधरी मातादीन ट्रस्ट बनिहाड़ी के द्वारा कस्बा निजामपुर प्रकाश आयल स्टोर के नजदीक ओमप्राश हाल में दूसरे निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां 564 मरीजों का परीक्षण किया गया। शिविर में 410 रोगियों को निशुल्क चश्मे टीम के द्वारा बांटे गए। वहीं चार व्यक्तियों को कान की मशीन वितरित की गई। जिनमें 22 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। जिनमें 14 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सहाय हॉस्पिटल जयपुर के लिए भेज दिया गया है। वहीं 8 को दवाई वितरण की गई है। जिनका बाद में ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का संचालन ट्रस्ट संयोजक सत्यपाल दहिया बनिहाड़ी के निर्देशन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां जयपुर सहाय हॉस्पिटल के डा. दुष्यंत व सुप्रिया के साथ टीम ने शिविर मे पंहुचे मरीजों की संतोष जनक जांच की व दवाइयां वितरित की। संयोजक सत्यपाल दहिया ने बताया कि शिविर में 564 रोगियों ने परीक्षण कराया है। 410 रोगियों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं 4 मरीजों को कान की मशीन दी गई है। सभी रोगियों को आवश्यकतानुसार निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में 22 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया है। जिनमें 14 लोगों को ऑपरेशन के लिए जयपुर सहाय अस्पताल भेजा गया है। बाकी 8 को दवाई वितरित की गई है। जिनके बाद मे ऑपरेशन किया जाएगा।

2 page 6_01.qxd 11/1/2023 9:08 PM Page 1



## खबर फटाफट

### बाइक चोरी के मामले एक आरोपी दबोचा

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जयपुर के गांव करोली हाल किरायेदार नजदीक सिविल अस्पताल बावल निवासी पवन उर्फ बनिपुरिया पुत्र शिम्भू सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है।

जांचकर्ता ने बताया कि राजस्थान के भरतपुर के गोवर्धन गेट कच्चा तालाब हाल आबाद मौहल्ला जटवाड़ा बावल निवासी रेशमा कुमारी ने अपनी शिकायत में बताया की गत 26 अक्तूबर को उसकी बाइक को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके कमरे के बाहर से चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना बावल में चोरी का मामला दर्ज करके जाँच शुरु की थी। जाँच के बाद पुलिस ने मामले में एक आरोपी पवन उर्फ बनिपुरिया को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है।

### मादक पदार्थ उपलब्ध कराने का एक आरोपी पकड़ा

**रेवाड़ी।** गोकल गेट चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला ईन्द्रा कालोनी निवासी विकाश उर्फ विक्की पुत्र मनोज कुमार के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 21 अक्तूबर को चौकी गोकल गेट को सूचना मिली थी कि मौहल्ला नई आबादी रेवाडी में ठठेरा बगीची के पास एक व्यक्ति रमन कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी मौहल्ला संघी का बास खड़ा हुआ है, जो गांजा बेचने का काम करता है और आज बगीची के पास खडा होकर गांजा बेच रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रेडिग पार्टी तैयार कर बताए हुए स्थान पर पहुच कर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान रमन कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 56 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी रमन कुमार पुत्र मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी रमन कुमार ने बताया की उसे यह अवैध मादक पदार्थ मोहल्ला इन्द्रा कालोनी निवासी विकाश उर्फ विक्की पुत्र मनोज कुमार उपलब्ध करता था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी विकाश उर्फ विक्की को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### जिला स्तरीय बागवानी शिविर 4 को

**रेवाड़ी।** जिला बागवानी अधिकारी मंदीप यादव ने बताया कि शुक्रवार 3 नवंबर को बागवानी विभाग रेवाड़ी द्वारा गांव डहीना में जिला स्तरीय बागवानी शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें महानिदेशक उद्यान हरियाणा, पंचकूला डा. अर्जुन सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कैंप की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त स्वप्रिल रविंद्र पाटिल करेंगे।

इस जिला स्तरीय कैंप में विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही बागवानी विभाग की योजनाएं-एकीकृत बागवानी विकास योजना, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति योजना के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। किसानों को कैंप के दौरान दस्तावेज व ऑनलाईन आवेदन संबंधित पूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना व बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार में वृद्धि कर किसान की आय बढ़ाना है।

### आइडियाथॉन हरियाणा के लिए 5 नवंबर तक होंगे पंजीकरण

**रेवाड़ी।** हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) द्वारा आयोजित किए जा रहे आइडियाथॉन हरियाणा के लिए 5 नवंबर 2023 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा सकेंगे। विभाग द्वारा आइडियाथॉन हरियाणा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है जो 5 नवंबर तक जारी रहेगी। इसमें आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों में पढने वाले तथा डिप्लोमा पास कर चुके युवा भागीदारी कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता हरियाणा के सभी 22 जिलों के आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों के युवाओं के लिए शुरू की गई है। पंजीकरण में आसानी के लिए सभी जिलों को सात जोन में विभाजित किया गया है। प्रतिभागी अपने जिले के अनुसार जोन का चयन कर सकता है। जोनों में से प्रत्येक में तीन विजेताओं सहित कुल 21 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण में प्रत्येक जोन के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कार के रूप में क्रमश- 31,000 रुपए, 21,000 रुपए और 11,000 रुपए के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आइडियाथॉन हरियाणा में पंजीकरण बारे विस्तृत जानकारी उक्त पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**रेवाड़ी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 की अवधि के लिए डा. भीमराव अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। छात्र आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी डीसी राहुल हुड्डा ने दी।

डीसी ने योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

## दीपावली से पूर्व कंपनी ने सौ से अधिक कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता

# गुस्साए कर्मचारियों का गेट पर प्रदर्शन

**पुलिस व श्रम विभाग के अधिकारियों की मध्यस्थता के चलते दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित यूनिप्रोडक्ट कंपनी ने बुधवार सुबह दीपावली से पूर्व सौ से अधिक कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। सुबह जब कर्मचारी कंपनी पहुंचे तो उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। इसके विरोध में कंपनी के बाहर ही धरना-प्रदर्शन शुरु कर दिया। किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए कंपनी की ओर से पुलिस के साथ-सात बाउंसरों को भी तैनात कर दिया गया। कर्मचारियों का आरोप है कि बाहर से कर्मचारियों को बुलाकर उन्हें ज्वानिंग कराई गई, जबकि उन्हें बाहर कर दिया गया। हालांकि दोनों पक्षों के बीच बातचीत का दौर भी जारी है। जानकारी के अनुसार एनएच-48 पर गांव जड़थल स्थित यूनिप्रोडक्ट कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार को तमाम कर्मचारी ड्यूटी पर गए थे। कंपनी ने रात के समय चलने वाली बी तथा सी शिफ्ट के कर्मचारियों की छुट्टी कर दी, जबकि कुछ कर्मचारियों को अंदर ही रोके रखा। जिन कर्मचारियों की छुट्टी की गई, उन्हें गेट पास देकर भेज दिया। कर्मियों का आरोप है कि रात को ही दो बसों में भरकर लोगों को कंपनी में लाया गया तथा उनके सात बाउंसर भी बुलाए गए।

कर्मचारियों ने बताया कि बुधवार सुबह जब ए शिफ्ट में ड्यूटी जाने के लिए बस का इंतजार करने लगे तो किसी भी स्टॉप पर बस नहीं पहुंची। इसके बाद कर्मचारियों ने आपस में बातचीत की तो पता चला कि कहीं भी बस नहीं पहुंची। इसके बाद सभी कर्मचारी अपने स्तर पर वाहनो का इंतजाम कर कंपनी पहुंचे। जब यहां पहुंचकर पूछताछ की तो कर्मचारियों को बताया कि उन्हें कंपनी की ओर से निकाल दिया गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने बिना किसी नोटिस के ही उन्हें निकाल दिया है। इसके बाद कर्मचारियों में रोष फैल गया तथा सभी कंपनी गेट के बाहर एकत्रित हुए तथा कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सूचना के बाद पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। जिसके उपरांत श्रम विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस व श्रम विभाग के अधिकारियों के माध्यम से कर्मचारियों की कंपनी प्रबंधन से बातचीत कराई गई। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के मध्य बातचीत जारी थी।

# कंपनी से पार्ट्स के बंडल चोरी करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला झुन्झुनूं के गांव नुआ निवासी कपिल पुत्र बिजेंद्र सिंह के रूप में हुई**

ब्यूरो, भरोसा मित्र




रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए थाना कसौला पुलिस ने बावल औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक ऑटो पार्ट्स निर्माता कंपनी से सामान के बंडल चोरी करने में मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला झुन्झुनू के गांव नुआ निवासी कपिल पुत्र बिजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि 16 अक्तूबर 2022 को जिला महेंद्रगढ़ के कनीना निवासी मनोज शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने बावल आईएमटी सेक्टर.3 में ऑटो पार्ट्स की कंपनी लगा रखी है। उसने कुछ दिन पहले अपना बही-खाता का मिलान किया तो काफी माल के बंडल कम मिले। इसके बाद उसने अपने स्तर पर जांच की तो पाया कि कंपनी से रात के समय चोरी होती है। इसके बाद 15 अक्टूबर 2022 की रात को वह अपनी कंपनी में पहुंचा तो वहां पर एक कैंटर सामान का लोड़ पाया गया। इसमें लगभग 20 बंडल लोड पाए गए, जो कंपनी से चोरी किए गए थे। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में 7 आरोपी बीरु कुमार, धर्मेन्द्र, अनिल दास, एसके मुस्तकर, हाबीबुल्ला, मुनीरल मंडल और मोनू को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने वारदात में संलिप्त एक और आरोपी जिला झुन्झुनू के गांव नुआ निवासी कपिल पुत्र बिजेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत कर पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## अमृत वाटिका के लिए अमृत कलश की मिट्टी को समाहित कर किया वंदन

ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी। आजादी के अमृत महोत्सव पर पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में आजादी के महानायकों व बलिदानियों की मिट्टी को अमृत वाटिका हेतु अमृत कलश में समाहित कर वीरों का वंदन किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता डा. आरके जांगड़ा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी. मेरा देश अभियान के कर्तव्य पथ पर समापन समारोह में रेवाड़ी का प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। देश की आजादी के महान नायकों वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मारक चावण्ड, स्वामी दयानंद सरस्वती स्मारक, महारानी पद्मिनी के नेतृत्व में सौलह हजार महारानियों के बलिदानी स्मारक, 1857 की अंग्रेजों के साथ क्रांति के महानायक राव तुलाराम, जलियांवाला बाग और देश भर के अनेकों अमर शहीदों व बलिदानियों की स्मारक, हिंदुत्व के पुरोधा स्वामी श्रद्धानंद सहित अनेकों हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों की स्मारक की मिट्टी एकत्रित करने और कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका हेतु कलश में मिट्टी समाहित कर उन वीर रणवाकुंरों को इंडिया गेट पर देश की आजादी के प्रथम प्रधानमंत्री नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जय हिंद के उद्घोष के साथ वंदन किया गया।

## जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करवाचौथ का पर्व, सामूहिक रूप से सुनी कथा

# सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र की दुआ

**रात्रि को चांद का दीदार कर अर्ध्य दिया व बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर व्रत खोला वहीं करवा चौथ के चलते शहर के बाजार गुलजार रहे**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। पति की दीर्घायु व बेहतर स्वास्थ्य की मंगल कामना को लेकर मनाए जाने वाला करवा चौथ का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुहागिनों ने दिनभर निराहार रहकर व्रत धारण किया व सामूहिक रूप से कथा सुनी। रात्रि को चांद का दीदार कर अर्ध्य दिया व बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर व्रत खोला। करवा चौथ के चलते शहर के बाजार गुलजार रहे। पति की दीर्घायु व बेहतर स्वास्थ्य की कामना को लेकर मनाए जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया। अलसुबह उठकर स्नानादि से निवृत होकर महिलाओं ने व्रत धारण किया। सज-संवरकर महिलाओं ने घर तथा आसपास की महिलाओं के साथ सामुहिक रूप से कथा सुनी। अनेक महिलाओं ने मंदिरों में भी पहुंचकर कथा का श्रवण किया। महिलाओं ने घर की बुजुर्ग महिलाओं को बायणा भी देकर उनका आशीर्वाद भी लिया। करवा चौथ को लेकर महिलाओं ने कई दिनों से पहले ही तैयारियां शुरु कर दी थी। ब्यूटी पार्लरों में जाकर सजने-संवरने के साथ-साथ मेंहदी लगाने वालों की भी भीड़ ब्यूटी पार्लरों व बाजारों में रही। करवा चौथ के चलते बाजारों में करवा खरीदने वालों की भीड़ देखी गई। इसके अलावा मिष्ठान व फलों की बिक्री में भी तेजी दर्ज की गई। महिलाओं के साथ-साथ युवतियों तथा जिन युवतियों की सगाई हो चुकी है, उन्हें भी करवा चौथ का व्रत रखा तथा कथा का श्रवण किया। देर रात्रि के समय महिलाओं ने चांद को अर्ध्य दिया तथा छलनी के माध्यम से पति एवं चंदा का दीदार कर बुजुर्गों व पति के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर व्रत खोला व प्रसाद ग्रहण किया।

## आज होगा राज्य स्तरीय अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार के 9 साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के जिला करनाल के दशहरा मैदान में गुरूवार 2 नवंबर को राज्य स्तरीय अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बताया कि राज्य स्तरीय अंत्योदय सम्मेलन में रेवाड़ी जिला की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। जिला प्रशासन की ओर से लाभार्थियों को ले जाने व वापस लाने के लिए बसों की व्यवस्था सहित अन्य प्रबंध कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह लाभार्थियों से योजनाओं के संबंध में सीधा संवाद करने के साथ उससे उनके जीवन में आए परिवर्तन के बारे में भी जानेंगे।

## प्रदेश प्रभारी से मिले मुकेश कापड़ीवास



रेवाड़ी। युवा नेता मुकेश कापडीवास ने भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा में शामिल होने के बाद अपनी सक्रियता बढा दी है। इसी कडी में कापडीवास ने बुधवार को हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देश से दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट कर आशीर्वाद लिया। वहीं रेवाड़ी की राजनीति पर भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रभारी ने कहा कि युवा पार्टी की रीढ हैं। आने वाले 2024 के चुनाव में युवाओं की बड़ी भूमिका रहने वाली है। ऐसे में सभी युवाओं को देशहित में पार्टी के साथ जुडकर भाजपा के साथ देश को भी मजबूत करना है। प्रदेश प्रभारी ने मुकेश कापडीवास को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश भर में युवाओं की मजबूत टीम बनाकर सरकार की नीतियों को आम आदमी तक पहुंचा जाए। कापडीवास ने भी प्रभारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि युवाओं को पार्टी से जोडकर रेवाडी के साथ प्रदेश भर में कमल खिलाने का काम करेंगे। मुकेश ने कहा कि के कमजोर नेत्तव के चलते रेवाड़ी विधानसभा के लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ा है। लेकिन इस बार लोग रेवाड़ी में कमल खिलाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि जब युवा मोर्चा में शामिल होने के बाद तमाम कार्यकर्ताओं में जोश हैं तथा चुनाव के दौरान कांग्रेस को रेवाड़ी से करारी शिकस्त देने के लिए तैयार बैठे हैं।

# आम आदमी पार्टी ने प्रभारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, भरोसा मित्र




रेवाड़ी। आम आदमी पार्टी की ओर से चलाए गए परिवार जोड़ो अभियान के तहत वार्ड एवं ग्राम स्तर पर गठित की गई कमेटियों के प्रभारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने की कड़ी में बावल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

आम आदमी पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डा. रविंद्र बढ़ालिया ने बताया कि पार्टी की ओर से परिवार जोड़ो अभियान के तहत शहर के प्रत्येक वार्ड तथा गांव स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है। इन नवगठित कमेटी प्रमुखों को आम आदमी पार्टी ने पंजाब सरकार में कार्यरत कैबिनेट मंत्री और चेयरमैन को हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा प्रभारी लगाया है। पार्टी के डा. मलकीत ठिंड ने बावल विधानसभा के नवनयुक्त सभी 143 ग्राम सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने बताया कि अब पार्टी संगठन ग्राम स्तर तक तैयार है और आम आदमी पार्टी 2024 में हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। बावल विधानसभा प्रभारी ने 5 नवंबर को रोहतक में होने वाले शपथ समारोह में सभी नवनयुक्त पदाधिकारियों को निमंत्रण भी दिया। इस मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष मदन सिंह, ब्लॉक प्रेजिडेंट महेश शर्मा, संतोष, राजबीर, प्रदीप, नरेश, दीपक, जितेंद्र व सुखविंदर समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जादूगर शिव कुमार ने माइंड रीडिंग कर अंधविश्वास की खोली पोल

# माइंड रीडिंग कर दर्शकों की मन की बात बताई

**यह कोई आलौकिक शक्ति नहीं बल्कि एक कला है जिससे सामने वाले की माइंड रीडिंग आसानी से की जा सकती है**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। शहर के हुडा ग्राउंड में चल रहे जादू शो में जादूगर शिवकुमार इन दिनों दर्शकों को अंधविश्वास और पाखंडवाद से दूर रहने की नसीहत दे रहे हैं। बुधवार को अपने जादू शो के दौरान उन्होंने माइंड रीडिंग करते हुए लोगों के मन की बात बताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कोई आलौकिक शक्ति नहीं बल्कि एक कला है जिससे सामने वाले की माइंड रीडिंग आसानी से की जा सकती है। इसे लेकर जादूगर शिव कुमार इन दिनों दर्शकों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। जिसके कारण उनके जादू शो में दर्शकों की भीड़ भी जमकर उमड़ रही है। मनोरंजन से भरपूर उनका यह जादू शो पूर्ण रूप से पारिवारिक है जो कि दर्शकों को भी खूब लुभा रहा है। अपने हाउस फुल जादू शो के दौरान उन्होंने लडक़ी को गायब करना, लडक़ी को हवा में उड़ाना, लडक़ी के आठ टुकड़े करना, वरमुंडा ट्राइंगल इफेक्ट, खाली हाथों से रुपयों की बारिश करना, फूलों का बगीचा, मानव कटिंग जैसे कई हैरत अंगेज आइटम दिखाएए जिन्हें देखकर दर्शक दंग रह गए। अपने जादू शो में जादूगर शिव कुमार लोगों को स्वच्छता अभियानए पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए नशा मुक्ति तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं तो वहीं अंधविश्वासए पाखंडवादए सामाजिक बुराइयों और नशे के खिलाफ भी जागरूक कर रहे हैं। बता दें जादूगर शिव कुमार देश विदेश में अब तक लगभग चौबीस हजार से भी अधिक हाउसफुल शो कर चुके हैं। इन्होंने भारतीय जादू कला को नए आयाम देते हुए मॉरीशसए दुबई (यूएई) थाईलैंड, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका व नेपाल जैसे देशों में भी इसका प्रदर्शन किया है।

# जागरूकता ही साइबर फ्रॉड से बचाव

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। पुलिस प्रशासन की ओर से ब्रास मार्किट में साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार ने आमजन को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय सुझाए। इस अवसर पर साइबर थाना से उप निरीक्षक राहुल व अन्य पुलिस कर्मी भी मोजूद रहे।

साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार ने साइबर ठगी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जागरूकता से ही साइबर फ्रॉड से बचाव संभव है। उन्होंने आमजन को साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया कि कुछ समय से दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आम आदमी का रुझान ऑनलाइन प्रक्रिया की तरफ बढ़ा है। इसके कारण अपराधी साइबर धोखाधड़ी को अनेक माध्यमों से एक संगठित अपराध के रूप में अंजाम दे रहे हैं। इसलिए कुछ सावधानी रखकर खुद को साइबर ठगी से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा आप साइबर अपराधों से स्वयं को दूर रखे व सोशल मीडिया पर अन्जान लोगो से फ्रैंड व फोलो रिकवेस्ट एसैप्ट ना करे। अपनी प्रोफाईल प्राईवेट रखे व उसके पासवर्ड निरन्तर बदलते रहे। अपनी गोपनीय जानकारी किसी को ना दे। किसी भी साईबर अपराध के घटित होने की सूरत में तुरन्त प्रभाव से हैल्पलाईन नंबर 1930 पर काल करे या पुलिस की साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने ई-मेल धोखाधड़ी, ऑनलाइन गेमिंग, इंटरनेट बैकिग, ओएलएक्स फ्राड, वालेट व यूपीआइ संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिग, बार कोड के माध्यम से होने वाले फ्राडए वाट्सएप हैकिग से बचावए फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राडए इंस्टाग्राम व वाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में, सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड, एटीएम कार्ड बदलकर होने वाली ठगी, डेबिट व क्रेडिट कार्डए लाटरी का लालच देकर होने वाली धोखाधड़ी व आनलाइन एप तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# रामलीला की अंतिम कड़ी में हनुमान मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। घंटेश्वर महादेव मंदिर आदर्श रामलीला द्वारा रामलीला प्रदर्शन की अंतिम कड़ी में हनुमान जी द्वारा बड़ा तालाब स्थित हनुमान जी के मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई।

रामलीला के सचिव यादके सुगन्ध ने बताया कि रामलीला की शुरुआत में शिला पूजन करके बल्ली पर हनुमानजी का झंडा लगाया जाता है, जो कि रामलीला के मंचन के दौरान दस दिनों तक फहराता है। मंगलवार को उसी ध्वजा को हनुमानजी द्वारा गाजे-बाजे के साथ रामलीला के सभी कलाकारों के साथ मिलकर, शोभा यात्रा के रूप में घँटेश्वर मन्दिर से चलकर, पुरानी सब्जी मंडी, भाड़ावास गेट होते हुए बड़ा तालाब स्थित हनुमान मन्दिर तक ले जाया गया और मन्दिर पर ध्वजा चढाई गई। हनुमान बना कलाकार महेश शर्मा पटवारी रामलीला मंचन के दौरान जिन सात्विक बन्धनों से बंधा होता है, आज ध्वजा चढ़ाकर उनसे मुक्त हो जाता है। इस मौके पर प्रसाद बांटा गया और घँटेश्वर मन्दिर के सत्संग भवन में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक अशोक शर्मा, प्रधान एमपी गोयल, संजय बतरा, रमेश वशिष्ठ, अमित स्वामी, ललित सैनी, हिमांशु गुप्ता, रूपेश गुप्ता, लवली सोनी, राजेश पंवार, सुरेश सेन, विजय पंवार, डॉ सुभाष गुप्ता, संजय सैनी, कर्ण गुप्ता, भारत गुप्ता, श्रीपति शेखावत, श्याम सुंदर गुप्ता, भारत भूषण कश्यप, प्रेम प्रकाश शर्मा, गौरव, बाबूलाल गुप्ता, पवन गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हक के लिए — ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का 23 वें दिन जारी रहा धरना

# सफाई कर्मचारियों का शोषण कर रही सरकार : रामकुमार

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का जिला मुख्यालय प चल रहा धरना 23वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता जिला सचिव मनोज ने की व संचालन नवल किशोर ने किया। इस मौके पर जिला उपप्रधान सीटू रामकुंवार ने बताया भाजपा सरकार ने कर्मचारियों के साथ धोखा किया और कर्मचारी विरोधी होने का सबूत दिया है। 17 साल से गांव में अपनी सेवा दे रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारी को सरकार ने एक हजार वेतन बढ़ाकर साबित कर दिया सरकार कर्मचारियों को इंसान नहीं मानती। 17 साल से स्थाई नोकरी और 26 हजार वेतन और बीडीपीओ रोल की मांग कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारी के लिए वाल्मीकि प्रकट दिवस पर सरकार के पिटारे से एक हजार निकले। इससे हरियाणा के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य कमेटी आह्वान पर 3 नवंबर तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 2 व 3 नवंबर को प्रदेश के सभी भाजपा-जजपा के विधायक के यहां प्रदर्शन के साथ-साथ जिला मुख्यालय पर 24 घण्टे का पडाव दिया जाएगा। जब तक सरकार मांगे पूरा नही करती उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगों को गिनाते हुए कहा कि उन्हें विधान सभा मे पॉलिसी बनाकर सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए, सभी ग्रामीण सफाई कर्मियों को बीडीपीओ के पे-रोल पर लिया जाए, हरियाणा रोजगार कौशल निगम को भंग किया जाए और सफाई कर्मियों को पक्का किया जाए, एक्ससग्रेसिया नीति के तहत परिवार के सदस्य को काम पर रखा जाए तथा मुख्यमंत्री कि घोषणा अनुसार 4 अप्रैल 2021 के बाद जिन कर्मियों की मृत्यु हो चुकी उन सभी कर्मियों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए, पढ़े-लिखे लोगों को सुपरवाइज लगाया जाए प्रमुख हैं। इस मौके पर पर बावल ब्लॉक से धर्मवीर, आशीष, दौलतराम, ग्यारसा, पवन, दुर्गाराम, रेवाडी ब्लॉक से अमित, सलेश, गजानंद, रतिराम, नरेंद्र, मुकेश, दयाल चंद, सुमन, नाहड़ ब्लॉक से पवन, सोनू, परवीन, अमित समेत काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर फटाफट

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की अवकाश के दौरान भी हड़ताल जारी



**फरीदाबाद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणा से नाखुश होकर हरियाणा दिवस का अवकाश होने के बावजूद भी अपनी हड़ताल जारी रखी। सभी कर्मचारी कल 2 नवंबर से जिला मुख्यालय पर उपायुक्त कार्यालय के सामने 24 घंटे का महापड़ाव डालेंगे। आज हड़ताल को 23 दिन हो गए हैं। लेकिन सरकार ने मांगों को लागू करना तो दूर की बात रही यूनियन को बातचीत के लिए भी आमंत्रित करना मुनासिब नहीं समझा। हड़ताली सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान महेंद्र सिंह माडोतिया ने की। जबकि संचालन जिला सचिव दिनेश पाली ने किया। इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने हरियाणा सरकार पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को शहरी क्षेत्रों के कर्मचारियों की तुलना में बहुत कम सुविधाएं मिलती हैं। उनके वेतनमानों में भी भिन्नता है। इन्हें त्योहारों पर किसी प्रकार का एडवांस भी नहीं मिलता है। आज भी कर्मचारियों को पंचायतों पर आश्रित रहना पड़ रहा है। यूनियन की मांग है कि पंचायत के बजाय ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को बीडीपीओ के पे रोल पर रखा जाए। मृतक कर्मचारियों के परिवार के एक सदस्य को एक्सग्रेशिया नीति के तहत नौकरी प्रदान की जाए। यूनियन की मांग है। कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए न्यूनतम 1125 रुपए मासिक भत्ता दिया जाए। ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए साल में कम से कम चार वर्दी, दो जोड़ी जूते-चप्पलों के लिए 8000 वार्षिक भत्ता तथा 500 धुलाई भत्ता निर्धारित किया जाए। लेकिन सरकार की तरफ से इन मांगों पर कोई सकारात्मक पहल कदमी नहीं दिखाई दे रही है। यूनियन ने निर्णय लिया है। कि जब तक 16 सूत्री मांगों को सरकार लागू नहीं करती तक हड़ताल जारी रहेगी। आज की सभा को राजू ब्लॉक प्रधान तिगांव, मनोज हंस ब्लॉक प्रधान बल्लभगढ़, नरेश ब्लॉक प्रधान फरीदाबाद धर्मवीर वैष्णव आदि ने भी संबोधित किया।

### एक्सप्रेस ट्रेन व रेवाड़ी स्टेशन का नामकरण राव तुलाराम करने की मांग की

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा और हरियाणा के राज नायक राव तुलाराम के नाम से एक्सप्रेस ट्रेन 'राव तुलाराम एक्सप्रेस' चलाने एवं रेवाड़ी स्टेशन का नामकरण 'राव तुलाराम स्टेशन' करने की मांग की है। इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि राव तुलाराम हरियाणा के ही नहीं, सम्पूर्ण उतर भारत के महानायक थे। आजादी की लड़ाई में उनका योगदान अविस्मरणीय है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान जब सरकार माटी से जुड़े शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को खोज खोज कर उन्हें सम्मानित कर रही है तो हरियाणा की शान राव तुलाराम इसमें प्रथम स्थान रखते हैं। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल के अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव डा. मनोज आफरिया, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र यादव, ट्रस्टी डा. जितेन्द्र भारद्वाज, ट्रस्टी भीमसेन शर्मा, ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, राकेश शर्मा, अजय शर्मा, अमित कुमार, मुकेश दहिया, बंसीलाल, दिनेश शर्मा प्राचार्य, सुभाष सिंगला, हितेंद्र बोहरा, अरविन्द कुमार, मीना शर्मा, अनुपमा, मोनिका और अनेक सदस्यों ने प्रस्ताव पारित कर इस आशय का मांग पत्र रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी एवं सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह को भेजा है। पत्र में मांग की गई है कि रेवाड़ी स्टेशन से होकर जाने वाली किसी लम्बी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन का नामकरण राज नायक राव तुलाराम के नाम पर किया जाए। ट्रस्ट का कहना है कि दक्षिण हरियाणा में देवतुल्य पूजे जाने वाले राव तुलाराम के सम्मान का यह अधिकार बनता है और सरकार को इस पर गौर करना चाहिए। अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि दिल्ली में सडक और फ्लाईओवर का नामकरण राव तुलाराम के नाम पर किया हुआ है, किन्तु उनके अपने गृह क्षेत्र में, अपने पुराने राज्य में उनके नाम पर शासकीय स्तर पर उदासीनता नजर आती है। ट्रस्ट ने एक्सप्रेस ट्रेन के साथ साथ रेवाड़ी स्टेशन का नाम भी राव तुलाराम राम के नाम पर रखने की मांग की है। ट्रस्ट इस आशय का पत्र क्षेत्र के विधायकों, मंत्रियों, पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों को भी सौंपेगा।

### नेशनल हाईवे पर प्राइवेट बस व ट्रक की टक्कर, आधा दर्जन सवारियां घायल



**नांगल चौधरी।** नांगल चौधरी के जयपुर रोड पर नेशनल हाईवे नंबर 148 बी फ्लाईओवर के नीचे एक प्राइवेट बस और ट्रक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बस में सवार करीब 5 से 6 सवारियों को चोटें लगी। जिन्हें उपचार के लिए नांगल चौधरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। वहीं अन्य सवारियों को दूसरी बस में बैठाकर रवाना किया गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नांगल चौधरी के नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर फ्लाईओवर के नीचे एक प्राइवेट बस सवारी लेकर जयपुर की ओर जा रही थी। दोपहर बाद करीब 2 बजे बस जब फ्लाईओवर के नीचे पहुंची तो सर्विस रोड पर जयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक की बस से टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि बस चालक ने बस को तेजी से मोडक़र एक तरफ कर दिया, लेकिन इस हादसे में बस में सवार करीब 5 से 6 सवारियों को चोट लगी। हादसे की सूचना लगने पर आसपास के अनेक लोग वहां पर एकत्र हो गए। इसके बाद घायल हुई सवारियों को नांगल चौधरी के स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया। जहां पर उनको इलाज के लिए भरती कर लिया गया। इस हादसे में एक महिला को ज्यादा चोट लगी। हादसे के बाद अन्य सवारियों को दूसरी बस में बैठा कर रवाना कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी जुटाई।

# सरकार के अरबों रुपये खर्च होने पर भी शहर में कोई योजना नहीं हुई सफल





सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के तहत भी पैसा भेज चुकी है। लेकिन इनमें से किसी भी परियोजना को संबंधित विकाागों के अधिकारी सफल नहीं बना सके। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत अधिकारियों ने छोटे से इलाके की सडक़ों को चमकाने और फिजुल के कामों में पैसा खर्च करने के अलावा कुछ नहीं किया। सरकार अपने नौ साल के शासनकाल के विकास के दावें कर रही है। लेकिन वास्तव में जमीनी स्तर पर शहर में विकास ढूंडे से भी नहीं मिलता। इस दौरान संबंधित विकाागों के ज्यादातर विकास कार्य अधूरे होने से जनता को उनका कोई लाका नहीं मिल रहा है। जरा सी बरसात आते ही शहर जलमग्न हो जाता है। बूंदा-बांदी औ तेज हवा से बिजली गुल हो जाती है। अधिकारियों की इस कार्यशैली का खामियाजा सरकार को 2024 में भुगतना पड़ सकता है। अन्य शहरों में बरसात आने पर लोगों के चेहरे खिल उठते हैं। लेकिन शहर में होने वाली बरसात लोगों पर आफत बनकर टूटती है। जरा सी बरसात आते ही शहर की तमाम सडक़े और गलियां जलमग्न हो जाती हैं। जलभराव की समस्या से शहर के पॉश सेक्टर भी अछूते नहीं हैं। एचएसवीपी के सभी सेक्टर में बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉर्म वॉटर लाइनें तो हैं, लेकिन रख रखाव के अभाव में सभी बुरी तरह जाम हैं। वहीं शहर में बिना योजना और लापरवाही से किये गए विकास कार्यो की वजह से बरसाती पानी को निकलने की जगह ही नहीं मिलती। जिसके कारण बरसाती पानी कई कई दिनों तक सडक़ पर खड़ा रहता है। शहर के कई इलाकों में लापरवाही से बनाई सडक़ों के कारण बरसात का पानी लोगों के घर में घुसने लगता है।

#### हाइवे पर भी हो रहा जलभराव

बरसात आते ही शहर के अन्य हिस्सों के साथ हाइवे पर भी जलभराव की समस्या गंभीर हो जाती है। हाइवे के कई हिस्सों में तो बरसात के बाद कई कई दिनों तक पानी भरा रहता है। एनएचएआइ और टोल कंपनी की लापरवाही से गत वर्ष बरसात के मौसम में हाइवे पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसे देखकर एनएचएआइ ने समस्या के समाधान के लिए ड्रेनेज सिस्टम बनाने और हाइवे पर जगह जगह रेनवॉटर हार्वेटिंग सिस्टम बनाने का आश्वासन दिया था। जिसके तहत कई हार्वेस्टर बन चुके हैं तो कई जगह बनाए जा रहे हैं। अजरौंदा चौक पर एसीपी ट्रेफिक के कार्यालय के पास बनाया गया हार्वेस्टर शुरू होने से पहले ही टूट गया। जबकि अन्य स्थानों पर बने हार्वेस्टिंग सिस्टम काम कर भी रहे हैं या नहीं, इस पर संदेह पैदा हो रहा है।

#### सीवर जाम से नहीं मिली मुक्ति

नगर निगम ने सीवर की सफाई का काम ठेके पर दिया हुआ है। इस काम के बदले में निगम अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया जाता है। लेकिन इसके बावजूद सीवर जाम की समस्या कम होने की बजाए लगातार गंभीर रूप धारण करती जा रही है। शहर की अन्य रिहायशी कालोनियों के साथ साथ एचएसवीपी द्वारा पूरी योजना के साथ बसाये गए कई सेक्टरों में काी सीवर जाम की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। शहर में जगह जगह मैनहॉल से सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो होते हुए आम देखा जा सकता है। कई स्थानों पर सीवर ओवरफ्लो के कारण लोग लंबे समय से परेशान हैं। एप 311 में शिकायत के साथ गंदे पानी से कारी सडक़ों की तस्वीर भेजने के बाद भी एनएच दो ई ब्लॉक में सीवर की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

## जेवर एक्सप्रेस-वे पर कट दिए जाने की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले नयनपाल रावत



**पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने ग्रामीणों के साथ केंद्रीय सडक़ राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात**

**गडकरी ने इस मामले में प्रशासन से तुरंत इस मामले में उचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। जेवर एक्सप्रेसवे पर गांव मोहना में उतार-चढ़ाव का कट दिए जाने की मांग को लेकर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने ग्रामीणों को साथ लेकर केंद्रीय सडक़ राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान विधायक श्री रावत ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि फरीदाबाद में पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव मोहना से होते हुए जेवर एक्सप्रेसवे जा रहा है, इस एक्सप्रेसवे पर मोहना गांव में कट दिए जाने की मांग ग्रामीण काफी समय से कर रहे है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान लोगों की मांग पर यहां कट दिए जाने की घोषणा की थी। श्री रावत ने बताया कि एक्सप्रेस-वे का काम चल रहा है, ऐसे में लोगों को मोहना पर कट दिया जाना चाहिए क्योंकि कट दिए जाने से क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाईया मिलेंगी और यहां लोगों को भी राहत मिलेगी। श्री रावत ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांग और आने वाले समय में क्षेत्र के विकास के लिए यह कट दिया जाना अति आवश्यक है इसलिए आपसे मांग करते है कि कि इस मामले में संज्ञान लिया जाए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस मामले में प्रशासन से तुरंत इस मामले में उचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक सहित अन्य लोगों को विश्वास दिलाया कि उनकी मांग पर प्रमुखता से विचार विमर्श करके लोगों के हित में फैसला लिया जाएगा। इस अवसर पर दानी सरपंच, गिर्राज सरपंच, ओमी सरपंच, सुरेश सरपंच, इलियास सरपंच साथ में मौजूद थे।

## युद्ध से किसी का भला नहीं होता है : डंगवाल

सात्विक देव, भरोसा मित्र




फरीदाबाद। इजराइल और फिलीस्तीन के बीच में जारी युद्ध को बंद करने और निर्दोष नागरिकों व मासूम बच्चों की हो रही मौतों को रोकने की मांग को लेकर आज सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद, ने बीके नगर निगम चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और शांति मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने फिलीस्तीन को आजाद करो, इस्राइली हमलों पर रोक लगाओ, गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाओ के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिला प्रधान निरंतर पाराशर ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने बताया कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता है। इससे केवल विनाश होता है। इजराइल ने फिलिस्तीन के लोगों पर जनसंहारक हमला किया है। इजराइल के द्वारा किए गए हमलों से अब तक आठ हजार से अधिक लोग मारे गए। जिसमें आधे से अधिक बच्चे हैं एक रिपोर्ट में कहा गया है। कि हर 15 मिनट में एक बच्चा मर रहा है। इजराइल के द्वारा अस्पतालों, संयुक्त राष्ट्र आश्रयों, स्कूलों, पूजा स्थलों पर बमबारी की जा रही है। 9 अक्टूबर से गाजा को भोजन, पानी, तेल, ईंधन, बिजली, और दावाओं नहीं मिल रही हैं। 27 अक्टूबर के बाद से इंटरनेट और अन्य संचार माध्यम को भी काट दिए गया हैं। इसकी वजह से जो लोग बमबारी में घायल हुए हैं। उन्हें मदद भी नहीं मिल रही है गाजा के लोग कई वर्षो से इजरायली नाकाबंदी का सामना कर रहे है। जिसने गाजा पट्टी से फिलिस्तीनी नागरिकों को अपनी सरजमीं से बेदखल करने की योजना बना रखी है। फिलिस्तीनी जनता आज भी अपनी स्वतंत्रता की जंग लड़ रही है। इसराइल उन्हे ही अपने देश से बेदखल करने पर आमादा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 27 अक्टूबर को एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें तत्काल मानवीय संघर्ष विराम का आवाहन किया गया। इस प्रस्ताव के समर्थन में 120 देशों ने मतदान किया। जबकि अमेरिका समेत 14 साम्राज्यवादी देशों ने इसके विरोध में मत दिया। जबकि भारत सरकार तटस्थ रही। हम भारत सरकार से भी मांग करते हैं। वह अमरीका की पिछलगु बनने की बजाय संयुक्त राष्ट्र संघ के युद्ध रोकने के प्रस्ताव व फिलिस्तीनी जनता के मुक्ति संघर्ष के साथ खड़ी हो। आज के प्रदर्शन को विजय झा, वीरेंद्र पाल, केपी सिंह, अनिल, संदीप, दिनेश आदि ने भी संबोधित किया।

## स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी ने फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराया

**इस मैच का मैन ऑफ द मैच कनिष्क को घोषित किया**

**स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया**

**फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 35.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 123 रन का लक्ष्य दिया**

सात्विक देव, भरोसा मित्र




फरीदाबाद। 8वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना -15 क्रिकेट टूर्नामेंट रविंदर फागना क्रिकेट कृष्णा मिर्जापुर ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी और स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मे स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी ने फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी को 5 विकेट से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 35.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 123 रन का लक्ष्य दिया । फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन वत्स ने 62 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 34 रन बनाए। स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कनिष्क व अभिषेक कुमार ने 3/3 विकेट, आदित्य शर्मा ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट, रेयांश गांधी और रेयान दुआ ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी ने 21 ओवर में 5 विकेट खोकर 124 रन बनाकर जीत हासिल की। स्पोर्ट्स लैंड क्रिकेट अकादमी की ओर से शौर्य डूडेजा ने 46 गेंदों पर 6 चौको की मदद से 36 रन बनाए। फर्स्ट स्टेप क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक मदान ने 8 ओवर में 2 मैडेन, 31 रन देकर 4 विकेट, मुकुल ने 3 ओवर में 13 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच कनिष्क को घोषित किया गया।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक आयोजित

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। गत रात्रि अग्रवाल सेवा सदन में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अग्रवालों की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अग्रबंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने की। बैठक में अग्रवालों में चेतना जागृत करने के लिए विशेष चर्चा की गई। उक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बल्लभगढ़ निवासी प्रेरणा अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला इकाई का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके साथ ही ग्रेटर फरीदाबाद से राकेश गर्ग को अग्रवाल सम्मेलन के हरियाणा प्रदेश का महामंत्री एवं प्रसिद्ध समाजसेवी युगल मित्तल को राष्ट्रीय प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। इन सभी की नियुक्ति पर विष्णु गोयल, अमर बंसल, रंति देव गुप्ता, अमरचंद मंगला, अरुण बजाज, विनोद मित्तल, मुंशी राम अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला, अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला, महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल, प्रवक्ता ललित गोयल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## हरियाणा दिवस महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**यमुना की अविरलता तथा निर्मलता के वगैर हरियाणा का समग्र विकास असंभव- डॉ.आर एन सिंह**

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड एवं यमुना रक्षक दल के संयुक्त तत्वाधान में हरियाणा दिवस महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहीद भगत सिंह के पौत्र यादविन्दर सिंह संधू एवं यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह अपने पदाधिकारियों के साथ केक काटकर हरियाणा दिवस मनाया। डॉ.आर एन सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए 1 नवम्बर 1966 को हरियाणा प्रदेश की स्थापना की गयी थी उससे हम काफी दूर होते जा रहे हैं। यमुनानगर से फरीदाबाद-पलवल तक लगभग 350 किलोमीटर यमुना जी के प्राकृतिक मार्ग की दुर्दशा के कारण वर्तमान तथा भविष्य अंधकार की गर्त में जा रहा है। दक्षिण तथा उत्तर हरियाणा के नाम पर सौतेला व्यवहार विकास की जगह विनाश का कारण बन रहा है। एक हरियाणवी, एक हरियाणा के मूल मंत्र को सकार करना होगा। यादविन्दर सिंह संधू ने हरियाणा दिवस के पावन अवसर पर कहा कि शहीद भगत सिंह के सपनों का भारत तभी तभी बन सकेगा जब भेदभाव पूर्ण राजनीति से उपर उठकर राष्ट्र हित में काम होगा। यादविन्दर सिंह संधू ने कहा कि यमुना जी का धार्मिक, अध्यात्मिक तथा पर्यावरणीय महत्व है, शहीद भगत सिंह ब्रिगेड इसके लिए यमुना रक्षक दल के साथ मिलकर सार्थक प्रयास कर रहा है, यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय सचिव पंडित रमाकांत तिवारी, पूर्वांचल फाउंडेशन के अध्यक्ष एस के सिंह, लोहिया जागृति मिशन के अध्यक्ष एडवोकेट नागेश सिंह, पूर्वांचल विकास मंच के अध्यक्ष सुदीश यादव, शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय पदाधिकारी रंजीत सिंह, विपिन झा, विनय कुमार सिंह तथा राज गौरव आदर्श आदि गणमान्य महानुभाव विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## रोटरी क्लब ग्रेस ने मानव कंप्यूटर सेंटर को प्रदान किए दो लैपटॉप

सात्विक देव, भरोसा मित्र




फरीदाबाद। हरियाणा दिवस पर मानव भवन सेक्टर 10 में संचालित मानव कंप्यूटर सेंटर के तीसरे बैच का शुभारंभ किया गया। इस शुभ अवसर पर रोटरी क्लब ग्रेस के प्रेसिडेंट संजीव शर्मा ने अपने क्लब की ओर से मानव कंप्यूटर सेंटर को दो लैपटॉप प्रदान किए। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा,चेयरमैन अरुण बजाज, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका ने रोटरी क्लब ग्रेस का आभार प्रकट करते हुए प्रेसिडेंट संजीव शर्मा, डोनर रोटेरियन सीए सुनील गर्ग, विवेक अग्रवाल,विवेक बंसल, को सम्मान पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। सेंटर कोऑर्डिनेटर एकता मैडम ने कहा है कि मानव सेवा समिति द्वारा संचालित मानव कंप्यूटर सेंटर में जरूरतमंद लोगों, खासकर महिला व बच्चों को 6 महीने कंप्यूटर की बेसिक व एडवांस ट्रेनिंग दी जाती है। अब तक दो बैच में 25 लोगों को सफलता पूर्वक ट्रेनिंग प्रदान करके प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। हरियाणा दिवस पर तीसरा बैच शुरू किया गया है। कैलाश शर्मा ने कहा है कि जो कंप्यूटर की ट्रेनिंग लेना चाहते हैं वे समिति से संपर्क करें। इस मौके क्लब सचिव जितेंद्र जैन, सौरभ गुप्ता,एमएसएस महिला मंडल सदस्य राज राठी, कमला वर्मा, कुसुम वशिष्ठ, सरिता गुप्ता, मदनलाल मोदी, जसवंत सिंह, गोविंद वर्मा उपस्थित रहे।

**शिकायत**

**पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया के कार्यालय पर पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत**

# किसान संगठित होकर लड़ें अपने हकों की लड़ाई : राकेश टिकैत

सात्विक देव, भरोसा मित्र



फरीदाबाद। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत ने कहा है कि हरियाणा का तेजी से शहरीकरण हुआ है, किसानों की जमीनें सरकार अधिग्रहण कर रही है, लेकिन किसान चाहे कुछ भी कारोबार कर ले, जो जमीन चली गई तो वह उस जमीन को दोबारा नही खरीद सकता, इसलिए जब तक जमीन बची है, उसे बचाकर रखो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्व में संघर्ष होंगे, पॉलटिकल पार्टियां खत्म हो जाएगी, केवल खाप पंचायत और गांव बचेंगे और उन्हें ही लड़ाई लडऩी पड़ेगी। श्री टिकैत ने कहा कि सरकार की मंशा है कि खाप पंचायतों को तोड़ा जाए, सरकार ऐसा एजेंडा ला रही है कि खाप पंचायतें एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करे और सरकारी खाप पंचायतें रहे इसलिए हम सभी को एकजुटता से कार्य करना है। राकेश टिकैत बुधवार को हरियाणा सरकार में पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया के सेक्टर-3 स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया के संयोजन में 52 पाल व अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। राकेश टिकैत ने कहा कि किसान को संगठित होकर अपने हकों की लडाई लडनी होगी क्योंकि जब दिल्ली में किसान आंदोलन चल रहा था, तभी पूरे देश का किसान संगठित था और संगठन की ताकत के आगे सरकार को झुकना पड़ा और तीनों काले कानून वापिस लेने पड़े। उन्होंने कहा कि यहां के लोग शांत स्वभाव के है, यहां 20-25 साल पहले भी धरने प्रदर्शन होते रहे है और बिलौचिए लीडर किसी भी पार्टी के रहे, उन्होंने समझौते के आधार पर धरने उठाने का काम किया है। कंपनी सरकार अपना काम करती रही और बिलौचिए अपना काम। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में किसान आंदोलन चला तो मध्यप्रदेश के किसानों को यहां के बारे में कुछ पता नहीं था, लेकिन यहां के लोगों ने उनका साथ दिया और मजबूत संगठन तैयार किया गया। श्री टिकैत ने कहा कि यहां भी वह एनसीआर व हरियाणा स्तर पर संगठन तैयार करेंगे और सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बात हो या फिर यूपी की सभी की रिश्तेदारियां है और सभी का खान-पान रहन सहन एक है, ऐसे में सभी आंदोलन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे पर मोहना पर कट दिए जाने की मांग जायज है और इस मांग को सरकार को मानना पड़ेगा। श्री टिकैत ने कहा कि वह जल्द ही यहां कार्यक्रम की रूपरेखा बनाएंगे और कई कार्यक्रम करके इस आंदोलन को विकराल रूप देंगे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया ने कहा कि पूरी 52 पाल, डीग बराहे सहित अन्य गणमान्य लोग इस आंदोलन में राकेश टिकैत जी के साथ खड़े है और जो भी आगे की रूपरेखा होगी, उसी के अनुरूप कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना पर कट दिए जाने की मांग को लेकर किसान कई दिनों से प्रदर्शन व धरने पर बैठे हुए है। इन्हीं किसानों से मिलने के लिए राकेश टिकैत यहां पहुंचे थे। इस अवसर पर तेवतिया पाल के प्रधान चौधरी विजेंद्र सिंह तेवतिया ,सुरेंद्र तेवतिया चेयरमैन, चौधरी रणजीत सिंह बारहों के प्रतिनिधि ,राजवीर सिंह तेवतिया ,कृष्ण पाल तेवतिया ,जगदीश चौधरी ,राजगीर गहलोत ,ओम प्रकाश धनखड़ ,हरबीर चौधरी ,धर्मबीर ठोडा ,जगन डागर ,नत्थू मेंबर ,उदयवीर चौधरी ,भूपेश रावत ,अमित पंडित, प्रकाश भाटी, अशोक लंबरदार ,चौधरी राजेंद्र सिंह मलिक , विकास रावत ,ताराचंद मंत्री ,महेन्द्र तेवतिया ,अनिल नाहरसिंह , वीरेंद्र पाल सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## खबर फटाफट

### पानीपत रिफाइनरी मैनेजर का नोट , मिला,लिविंग पार्टनर व उसके परिजनों को दोषी ठहराया

**पानीपत :** रिफाइनरी के मैटेरियल स्टॉक मैनेजर के सुसाइड मामले में 6 पेज का सुसाइड नोट सामने आया है। मृतक सुशील ने सुसाइड नोट में अपनी लिविंग पार्टनर बिंदिया, उसके परिवार, रिफाइनरी के डीजीएम समेत 11 लोगों के नाम लिखकर अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। सुशील ने सुसाइड नोट में किसी सीडी का भी जिक्र किया है। जिसका डर दिखाकर उसको ब्लैकमेल किया जा रहा था। इसी डर की वजह वो लाखों रुपए आरोपियों को दे चुका है। इस बारे में सदर थाना प्रभारी जगजीत सिंह ने कहा कि मृतक सुशील कुमार के सुसाइड मामले की जांच जारी है। सुसाइड नोट में कई लोगों के नाम लिखे हैं। सभी से पूछताछ की जाएगी। आरोपियों के खिलाफ जो भी सबूत मिलेंगे उसके हिसाब से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### फतेहाबाद में हुक्का बार-तंबाकू सेवन पर लगा प्रतिबंध

**फतेहाबाद:** जिले में हुक्का पिलाने और तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिलेभर में धारा 144 भी लागू कर दी गई है। जिला उपायुक्त अजय सिंह तोमर के आदेश के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का के इस्तेमाल, होटल, रेस्टोरेंट आदि जगहों पर हुक्का पिलाने पर रोक रहेगी। जिले की सीमा में हुक्का बार प्रतिबंधित रहेंगे। यह आदेश गैर-व्यवसायी ट्रेडिशनल हुक्का बार और निजी प्रयोग वाले हुक्के पर लागू नहीं होंगे। जिलाधीश अजय सिंह तोमर के अनुसार स्वास्थ्य के लिए हुक्का और तम्बाकू का सेवन खतरनाक और जानलेवा है। इसलिए इनके सेवन से जनता को बचना चाहिए।

### मॉडल से ठगे साढ़े 18 लाख रुपये

**सोनीपत :** गांव खटकड़ की रहने वाली मॉडल लक्ष्मी शर्मा की बेटी को रोल दिलाने के नाम पर 18 लाख 50 हजार रुपए की चपत लगाई गई है। झांसा दिया गया कि धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में बच्चों का किरदार निभाने के लिए उसकी बेटी को मौका दिया जाएगा। फिर सिलसिला शुरू हुआ बहाने बनाने का और उससे रुपए हड़प लिए गए। इस दौरान गोरखा मूवी मे भी बेटी को मीरा का रोल देने का ऑफर दिया गया था। पुलिस ने महिला समेत 4 के खिलाफ साइबर थाना में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। उसने बताया कि 12 मार्च 2022 को उसके फेसबुक राजीव रंजन के फेसबुक पेज से मैसेज आया था। इसमें उसने उसकी बड़ी लड़की को तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में रोल देने के लिए कहा था।

### बेटे ने मां पर किया तवे से वार, मौत

**रोहतक:** आजाद गढ़ में एक युवक ने अपनी मां की निर्ममता से हत्या कर दी। युवक ने उसके सिर व गर्दन पर रोटी बनाने तवे से वार किए गए। अभी तक इस हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं लग पाया है। पड़ोसियों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। महिला की पहचान अमृत कॉलोनी निवासी करीब 65 वर्षीय कांता देवी के रूप में हुई है। जो फिलहाल आजादगढ़ में किराए के मकान में रहती थी। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार महिला की हत्या उसी के बेटे ने की है। जो बेटा भी फरार बताया जाता है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

### किसान को टक्कर मारने वाला एसआई व एसपीओ गिरफ्तार

**भिवानी :** खेत में पैदल जा रहे किसान टक्कर मारने के केस में डायल 112 पर तैनात सब इंस्पेक्टर और एसपीओ को जुई कला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक के परिजनों ने सोमवार शाम को पुलिस पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाते हुए जाम लगाया था। इनको पहले ही निलंबित किया जा चुका है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ईआरवी गाड़ी से टक्कर लगने से किसान की मौत का खुलासा हुआ था। मौके से टूटे हुए गाड़ी के कुछ हिस्से भी ग्रामीणों को मिले थे। ग्रामीणों का आरोप था कि जिन पुलिस कर्मचारियों ने कंधों पर घायलों को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी थी। उन्हीं कर्मचारियों ने किसान को पहले तो सड़क दुर्घटना करके गंभीर घायल कर दिया और फिर मरने के लिए छोड़कर वहां से भाग गए। थाना जुई कलां पुलिस प्रभारी बलदेव सिंह ने बताया कि गाड़ी ड्राइवर नरेंद्र के बारे में भी जांच चल रही है। इस गाड़ी पर तैनात कर्मचारियों को निलंबित करके विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

### अंबाला के बिजनेसमैन को बवाना गैंग ने दी धमकी

**अंबाला :** प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी इंजीनियर बलबीर सिंह को बवाना गैंग के नाम से वॉट्सऐप पर धमकी दी गई है। धमकी भरे मैसेज भेजते हुए लिखा है कि बवानिया गैंग से बोलु, लागे तू हमने नी जाने, दिल्ली निवासी सुभाष के खिलाफ जो शिकायत दी है, दो दिन के अंदर वापस ले ले। नहीं तो दिवाली से पहले बच्चों समेत गोलियों से भून देंगे। बलबीर सिंह ने अंबाला एसपी जशनदीप सिंह रंधावा को शिकायत इस सबंध में शिकायत सौंपी है। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को वह अपने घर पर था। पहले उसके पास विदेशी नंबर से कॉल आई। जिसे उसने रिसीव नहीं किया। फिर दोनों नंबरों पर मैसेज आए।

### केजरीवाल-जयहिंद होंगे 5 नवंबर को आमने-सामने

**रोहतक :** सेक्टर-6 में बुधवार को सतलुज-यमुना के पानी की मांग को लेकर मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता जयहिंद सेना के अध्यक्ष नवीन जयहिंद की उन्होंने यहां एसवाईएल पानी के धर्मयुद्ध का ऐलान किया। बता दें कि 5 नवंबर को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और नवीन जयहिंद आमने-सामने होंगे। आम आदमी पार्टी इय दिन रोहतक में शपथ ग्रहण कार्यक्रम कर रही है। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान पहुंचेंगे। इस दौरान नवीन जयहिंद एसवाईएल के मुद्दे पर सवाल पूछने जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस नदी पर दोगली नीति नहीं चलेगी। पहली जिम्मेदारी पंजाब सरकार की है, दूसरा फर्ज केंद्र सरकार का है। इसलिए पंजाब सरकार अपनी जिम्मेदारी से न भागे। आम आदमी पार्टी अपनी स्थिति स्पष्ट करके हरियाणा में आए।

### लाखों का गबन करने वाला टीम लीडर गिरफ्तार

**सिरसा :** शहर थाना सिरसा की पुलिस टीम ने एक कंपनी के लाखों रुपए के मोबाइल गबन करने के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर लाखों रुपए का सामान भी बरामद कर लिया है। उससे करीब 70 लाख रुपये की कीमत के आईफोन, लैपटॉप और ब्रांडेड कपडों से भरे बैग आरोपी से बरामद किए हैं।

पीडब्ल्यूडी ने 3700 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया

# राज्य की सड़कों का होगा कायापलट

## क्षतिग्रस्त व मरम्मत योग्य सड़कों को दी जाएगी प्राथमिकता

**जिन सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण और नई बनाने का काम आरंभ होगा, वे सभी लोक निर्माण विभाग की सड़कें हैं**



शशिभूषण सैनी,भरोसा मित्र

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पुरानी सड़कों का नये सिरे से निर्माण कराया जाएगा। सैकड़ों सड़कें ऐसी हैं, जिन्हें बने हुए काफी समय बीत गया है। हालांकि इन सड़कों की हालत बहुत ज्यादा खराब नहीं है, लेकिन भविष्य में भारी यातायात की संभावना और बारिश की आशंका को देखते हुए इन सड़कों का पुनर्निर्माण होगा। प्रदेश में सैकड़ों सड़कें ऐसी चिन्हित की गई हैं, जो नई बनाई जानी हैं। इस पूरे कार्य के लिए करीब 3700 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

प्रदेश में हाल-फिलहाल जिन सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण और नई बनाने का काम आरंभ होगा, वे सभी लोक निर्माण विभाग की सड़कें हैं। प्रदेश सरकार ने हाल ही में एक सर्वे कराया है, जिसमें हरियाणा और पड़ोसी राज्यों की सड़कों का आकलन किया गया। सर्वे रिपोर्ट में निर्विवाद रूप से यह बात सामने आई कि हरियाणा में सड़कों का जाल बाकी राज्यों की अपेक्षा काफी बढ़िया है।

**क्या है अन्य राज्यों की स्थिति**

राजस्थान में हाईवे ठीक हैं, लेकिन जिलों, शहरों व गांवों को जोड़ने वाली आंतरिक सड़कें अच्छी नहीं हैं। उत्तर प्रदेश में आंतरिक सड़कों की हालत तो खराब है ही, साथ ही हाईवे भी काफी स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। पंचकूला से हरिद्वार जा रहा हाईवे इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां सड़क करीब एक दर्जन स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

यदि पंजाब की सड़कों की तुलना करें तो पीडब्ल्यूडी की सर्वे रिपोर्ट में हरियाणा के नेशनल व स्टेट हाईवे, जिला आंतरिक मार्ग और गांवों को जोड़ने वाली सड़कों की हालत बहुत बढ़िया है, लेकिन कुछ सड़कें ऐसी भी सामने आई हैं, जो मरम्मत मांग रही हैं।

मनोहर सरकार ने हाल ही में सभी विधायकों को बिना राजनीतिक भेदभाव के 25-25 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों के निर्माण व मरम्मत के प्रस्ताव देने को कहा था। अधिकतर विधायकों ने यह प्रस्ताव दे दिए हैं और उन पर काम भी चालू हो चुका है। इस राशि से अलग पीडब्ल्यूडी विभाग ने करीब 3700 करोड़ रुपये सड़कों के ढांचे में सुधार पर खर्च करने की कार्ययोजना बनाई है।

### विपक्षी विधायकों की भी सड़कें बनवाईः दुष्यंत



राज्य के पीडब्ल्यूडी मंत्री के नाते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे पर बीपीसीएल और आइओसीएल को चार खानपान एवं सुविधा केंद्र खोलने की मंजूरी दी गई है। गुरुग्राम व सोनीपत के बीच दो केंद्र अलाट हुए हैं। चंडीगढ़ से अंबाला को होते हुए यमुना नदी के किनारे-किनारे दिल्ली में अक्षरधाम तक करीब 200 किलोमीटर लंबा हाईवे तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में विपक्ष समेत कोई विधायक ऐसा नहीं बचा, जिसकी 25-25 करोड़ की सड़कों का निर्माण न हुआ हो। यानि सरकार ने किसी से मतभेद नहीं किया और समान महत्व सबको दिया गया है। राज्य के उप मुख्यमंत्री के अनुसार अब सड़कों की रि-माडलिंग होंगी, क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक किया जाएगा, पहले बन चुकी सड़कों के निर्माण की समीक्षा होगी तथा मरम्मत योग्य सभी सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### पांच हजार किलोमीटर सड़कों के सुधार का लक्ष्य तय किया गया

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी पिछले दिनों प्रशासनिक सचिवों को नई सड़कों के निर्माण से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर सुधार करने के निर्देश दिये हैं। साल 2023-24 में पांच हजार किलोमीटर सड़कों के सुधार के लक्ष्य के साथ ही राज्य सरकार ने नाबार्ड की मदद से 553.94 किलोमीटर लंबी सड़कों को चौड़ा और मजबूत कराने का निर्णय ले रखा है। हरियाणा में बाढ़ 12 जिलों में आई, लेकिन इसका असर 17 जिलों में देखने को मिला। इन जिलों में भिवानी, चरखी दादरी, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, यमुनानगर, फरीदाबाद, पलवल, फतेहाबाद, सिरसा, झज्जर, कैथल, जींद, करनाल, पानीपत, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ शामिल हैं। बाढ़ व जलभराव की वजह से इन जिलों में 2104 किलोमीटर लंबी 1234 सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। रोहतक, गुरुग्राम व नूंह जिले ऐसे हैं, जहां जलभराव की वजह से सड़कों को नुकसान नहीं पहुंचा है। इन सभी सड़कों की मरम्मत के कार्य भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

### करनाल में आज होगा अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन



**चंडीगढ़।** समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और उसे समाज में समुचित सम्मान दिलाने का मुख्यमंत्री मनोहर लाल का लक्ष्य पूरा होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का लाभ उठाने वाले परिवारों को सम्मानित करने के लिए आज दानवीर कर्ण की नगरी करनाल में अंत्योदय महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री मनोहर लाल इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे।

कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पेंशन स्कीम और हरियाणा में चलायी जा रहीं गरीब कल्याण की अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी शिरकत करेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में सरकार बनाने के बाद से ही अंत्योदय के दर्शन से प्रेरित होकर ही गरीबों के उत्थान से जुड़ी योजनाएं चलाने पर जोर देते रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गरीब व्यक्ति के जीवन में सुधार लाने के विजन को ध्यान में रखते हुए अंत्योदय के विचारों को समेटते हुए प्रदेश की सभी गरीब कल्याण योजनाएं तैयार की गईं। मुख्यमंत्री के विचार में गरीबों का उत्थान ही अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का प्राथमिक लक्ष्य है। इस योजना के तहत अब तक प्रदेश में 76454 लाभार्थियों के आवेदन सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत किये गये।

## ग्रुप सी में भर्ती परीक्षा की तैयारी में जुटी सरकार

**भर्ती आयोग ने हर पद के लिए अलग अलग ग्रुप बनाये हैं**

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ग्रुप सी के 32 हजार पदों के बचे ग्रुपों की परीक्षा कराने की तैयारी में है। इसके लिए सरकार जल्द ही पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में अलग से एक याचिका दायर करेगी।

हालांकि ग्रुप 56 और 57 के हुई परीक्षा के मामले में पहले ही हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट की सिंगल बैंच ने ग्रुप 56-57 के हो चुकी परीक्षा के परिणाम पर रोक लगा रखी है। इसमें सुनवाई के लिए 19 दिसंबर की तारीख दी गई है।

पहले हुई सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से हाईकोर्ट में आग्रह किया गया था कि बचे ग्रुपों की परीक्षा कराने की अनुमति दी जाए, लेकिन हाईकोर्ट ने सर्विस कंपलीट नहीं होने के कारण सुनवाई स्थगित कर दी।

बता दें कि भर्ती आयोग ने हर पद के लिए अलग अलग ग्रुप बनाये हुए हैं।

ग्रुप सी भर्ती के लिए 56 के एग्जाम में 41 सवालों के रिपिट होने का मामला भी हाईकोर्ट में लंबित चल रहा है। इस मामले को लेकर दायर याचिका में परीक्षा रद्द किए जाने की मांग की गई है। इसकी सुनवाई भी अन्य संबंधित अपीलों के साथ होगी। हालांकि सबसे पहले दायर अपील पर ही सुनवाई होगी, जिसमें ग्रुप नंबर 56,57 पेपर कराने का आग्रह किया गया है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएससीसी) ने दो महीने पहले ही ग्रुप सीकी भर्ती में 56 और 57 श्रेणी के 4 गुना से ज्यादा अभ्यर्थियों को बुलाने का फॉर्मूला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में दाखिल कर चुका है।

## सत्ता में आने पर दो डिप्टी सीएम बनाएंगे : अभय चौटाला

### इनमें से एक पिछड़ा वर्ग और एक अनुसूचित समुदाय से होगा

भरोसा मित्र

**चंडीगढ़।** इनेलो के महासचिव अभय चौटाला ने बताया कि पार्टी के हाईकमान का फैसला है कि हमारी सरकार आने पर हम दो उप-मुख्यमंत्री बनाएंगे जिसमें एक पिछड़ा वर्ग और एक अनुसूचित समुदाय से होगा

उन्होंने कहा कि इनेलो ने हमेशा छतीस बिरादरी को साथ लेकर चलने का काम किया है और ऐसे लोगों को राज्यसभा का मेंबर बना कर भेजा है जो पार्टी के साधारण कार्यकर्ता थे और जिनके पास फार्म भरने तक के पैसे नहीं थे

एसवाईएल मुद्दे पर इनेलो विधायक ने कहा कि चाहे गठबंधन की सरकार है या पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, सभी एसवाईएल के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है, हम जनवरी तक इंतजार करेंगे उसके बाद कोई बड़ा निर्णय लेंगे अगर कोई बड़ा आंदोलन भी चलाना पड़ा तो उससे पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने पराली से प्रदूषण पर कहा कि प्रदूषण बढ़ने में किसानों का कोई दोष नहीं है, सड़कों पर वाहन बहुत बढ़ गए हैं, दिल्ली में भी बहुत ज्यादा है, इस पर भी नियंत्रण होना चाहिए

उनहोंने कहा कि अगर गृहमंत्री अनिल विज सीएम ऑफिस से इतना ही पीड़ित हैं तो उन्हें इस तरह बेइज्जत नहीं होना चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए

अभय ने चेताया कि अगर समय रहते सारे विपक्षी दल इकट्ठा नहीं हुए तो एक भी नहीं बचेगा, सब जेल जाएंगे

राइस मिलों में बिहार और उड़ीसा से मोटा चावल सस्ते में खरीदा जाता है फिर उसे यहां महंगे दामों में बेचा जाता है। ट्रांसफर में घोटाला होता है, जहां जरुरतमंद लोगों को ट्रांसफर नहीं मिलता वहीं कुछ लोग पैसा देकर मनपसंद की जगह पर ट्रांसफर ले लेते हैं और खूब लूट-खसोट करते हैं। बारिश से खराब हुई फसलों को लेकर सीएम ने मुआवजा देने की बात कही थी। लेकिन किसानों को आज तक मुआवजा नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि सरकार के लोग कहते हैं कि हम 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदते हैं। हरियाणा में धान करीब 2100 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी जाती है जबकि छत्तीसगढ़ में धान का रेट 2600 रुपए प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इनेलो को सत्ता में लाएगी वहीं भाजपा गठबंधन को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाऐगी। इनेलो नेता ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री की करनाल रैली में प्रदेश के लोग तो नहीं जाएंगे। पंचायतों ने पहले ही इनका बायकाट किया हुआ है। अब इन्होंने रैली में भीड़ इकट्ठा करने के लिए सरकारी दफ्तरों और एचकेआरएन के कर्मचारियों को जबरदस्ती रैली में ले जाने के आदेश दिए हैं। डिपो धारकों को भी रैली में 5-5 लोग लाने के आदेश दिए हैं नहीं तो उनका लाइसेंस रद्द कर देंगे।

इनेलो ने हमेशा छतीस बिरादरी को साथ लेकर चलने का काम किया है और ऐसे लोगों को राज्यसभा का मेंबर बना कर भेजा है जो पार्टी के साधारण कार्यकर्ता थे और जिनके पास फार्म भरने तक के पैसे नहीं थे। हमारा राजनीतिक इतिहास उठा कर देख लो कि हमने पिछड़ा वर्ग से रणबीर गंगवा और राम कुमार कश्यप को राज्यसभा का मेंबर बना कर भेजा। वहीं हमने अनुसूचित जाति से अंबाला के फकीर चंद, जो पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता थे, को राज्यसभा में भेजा। राव मान सिंह को राज्यसभा में भेजा। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन में भी हमने सभी जाति विशेष के लोगों को प्रतिनिधित्व देने का काम किया ताकि भेदभाव न हो।



### नौ साल में किए गए नौ घोटाले

इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव और ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला ने यहां प्रैस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा सरकार के नौ साल पूरे होने पर बताई गई नौ बड़ी उपलब्धियों के जवाब में कहा कि वर्तमान सरकार ने नौ सालों के राज में नौ बड़े घोटाले किए हैं, उनको भी जनता को बताना चाहिए था और उनकी जांच भी करवाई जानी चाहिए। सबसे बड़ा घोटाला धान घोटाला है, पिछले नौ सालों से हर साल धान में नमी के नाम पर 250-300 रुपए प्रति क्विंटल काटा जाता है और हजारों करोड़ रुपए लूटे जा रहे हैं। इसी तरह लॉक डाउन में जब पूरा देश बंद पड़ा था तब शराब और रजिस्ट्री घोटाला हुआ। पेपर लीक घोटाला बहुत बड़ा घोटाला है।

## जजपा के साथ सरकार चलाना भाजपा की मजबूरी : बृजेंद्र सिंह

**यदि यह गठबंधन चुनावी गठबंधन बनता है तो यह हमारी पार्टी के लिए काफी हानिकारक होगा**

भरोसा मित्र



**कैथल।** गांव तितरम में बुधवार को हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह पहुंचे। उन्होंने गांव में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों में जजपा से गठबंधन न टूटने के सवाल पर कहा कि भाजपा की जजपा के साथ सरकार चलाना एक मजबूरी थी।

बता दें कि गत दो अक्टूबर को जींद में आयोजित की गई रैली में चौ. बीरेंद्र सिंह के साथियों में यही संशय था कि वे क्या फैसला लेंगे। यह रैली न तो किसी पार्टी के झंडे के नीचे थी और न ही इसमें कोई चुनाव चिह्न था। कहा कि उनका क्षेत्र काफी संवेदनशील क्षेत्र है, भाजपा को गठबंधन धर्म निभाने के लिए उसे खाली नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यह गठबंधन चुनावी गठबंधन बनता है तो यह हमारी पार्टी के लिए काफी हानिकारक होगा।

सांसद ने कहा कि सरकार चलाने तक यह हमारी मजबूरी थी। हमारा मत यह रहा है कि गठबंधन निभाने के लिए हरियाणा का राजनीति में प्रभावी इलाके को अनदेखा कर खाली नहीं छोड़ सकते हैं। प्रदेश में 40 सीटों वाली पार्टी का बहुमत भी अधिक है, मुख्यमंत्री भी हमारा है, लेकिन हमारी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को वो स्थान नहीं मिल पा रहा, जो उन्हें मिलना चाहिए।

### द.अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दी शिकस्त

**पुणे,एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप में न्यूजीलैंड को 358 रन का टारगेट दिया, लेकिन 167 रनों पर ही पूरी टीम ढेर हो गई।

टीम ने पुणे के मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट पर 357 रन बनाए।

जवाब में न्यूजीलैंड ने 22 ओवर में 5 विकेट पर 95 रन बना लिए हैं। ग्लेन फिलिप्स और मिचेल सैंटनर क्रीज पर थे।।

इस टारगेट का पीछा चेज करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम कीशुरुआत अच्छी नहीं रही। डेरिल मिचेल 24 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें केशव महाराज ने डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। इससे पहले, कगिसो रबाडा ने टॉम लैथम (4 रन) और जेराल्ड कूटजी ने विल यंग (33 रन) को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने रचिन रवींद्र (9 रन) और डेवोन कॉन्वे (2 रन) को चलता किया।

## सरकार ने सात आईएएस अधिकारियों का किया तबादला

**इसी सूची में अनिल विज के आयुष विभाग का भी एक अधिकारी भी है शामिल**

भरोसा मित्र



**चंडीगढ़।** बुधवार को हरियाणा सरकार ने सात सीनियर आईएएस अधिकारियों के तबादले के ऑर्डर जारी कर दिए हैं। इन अधिकारियों की तबादला सूची में अनिल विज के आयुष विभाग में भी एक अधिकारी का तबादला हुआ है।

जानकारी के अनुसार 2005 बैच के आईएएस साकेत कुमार के रिलीव होने पर 2008 बैच के आईएएस अंशज सिंह को आयुष का डायरेक्टर बनाया गया है। अंशज इसके अलावा फॉरेन कॉर्पोरेशन की भी जिम्मेदारी देखेंगे।

इनके अलावा 2004 बैच की आईएएस आशिमा बराड़ को सेकेंडरी एजुकेशन का डायरेक्टर जनरल यानि डीजी बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें अंशज सिंह के स्थान पर दी गई है। वहीं एसीएस स्तर के अधिकारियों के भी तबादले हुए हैं। एचएसवीपी के वरिष्ठ आईएएस अफसर अजीत बालाजी जोशी को इंटर कॉडर ट्रांसफर के चलते पंजाब कॉडर के लिए रिलीव किया गया।

### और तबादले होने की संभावना

ऐसी संभावना जताई जा रही है कि यह भी बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में और भी तबादला सूची जारी हो सकती है

इसी कड़ी में टीएल सत्यप्रकाश को सीए एचएसवीपी लगाया गया है।

## अनुपमा ने बाक्सिंग में जीता गोल्ड

भरोसा मित्र



**पलवल।** एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल विजेता पलवल की अनुपमा कुंडू ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया। अनुपमा कुंडू ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित इंटर रेलवे बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है। बता दें कि 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में अनुपमा ने 75 किलो वर्ग में हिस्सा लेकर गोल्ड पर दावेदारी पेश की। अनुपमा की इस उपलब्धि से उनके परिवार व जिले के युवाओं में खुशी का माहौल है। खिलाड़ी अनुपमा की कोच एवं देवा बॉक्सिंग क्लब की संचालिका अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी प्रियंका तेवतिया ने बताया कि यादूपुर गांव निवासी अनुपमा कुंडू परिवार सहित फिलहाल पलवल शहर की कृष्णा कॉलोनी में रहती हैं। उनके पिता दूध बेचने का काम करते हैं। बताया कि अनुपमा के अलावा उसकी बहन अमीता कुंडू भी बॉक्सिंग खिलाड़ी हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर कई बार पदक जीत चुकी हैं।

### जीते कई मेडल

उल्लेखनीय है कि अनुपमा कुंडू ने साल 2021 में दुबई में आयोजित एशियन गेम्स में सिल्वर मेडल हासिल किया था। इसके अलावा भी वे राष्ट्रीय स्तर पर कई बार पदक जीत चुकी हैं। फिलहाल अनुपमा रेलवे में नौकरी करती हैं और रेलवे की तरफ से ही खेलती हैं। स्वर्ण पदक जीतने पर अनुपमा का चयन सीनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्रियंका तेवतिया ने बताया कि पलवल पहुंचने पर अनुपमा का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी एशियाई पैरा खेलों के दल से मिले

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारत के एशियाई पैरा खेलों के दल से मुलाकात की।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत भी की। पीएम मोदी के साथ खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक भी मौजूद थे। एक दिन पहले ही अनुराग ठाकुर ने खिलाड़ियों से मुलाकात की थी। बुधवार को प्रधानमंत्री ने समय निकाला और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। गौरतलब है कि भारतीय पैरा एथलीटों ने इतिहास रच दिया। उन्होंने हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में 111 पदक जीते। यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिता में देश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। पैरा एथलीटों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य के साथ कुल 111 पदक जीते।



जानकारी के अनुसार पदक तालिका में भारत चीन (521 पदक- 214 स्वर्ण, 167 रजत, 140 कांस्य), ईरान (44 स्वर्ण, 46 रजत, 41 कांस्य), जापान (42 स्वर्ण, 49 रन, 59 कांस्य) और कोरिया (30 स्वर्ण, 33 रजत, 40 कांस्य) से नीचे पांचवें स्थान पर रहा, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। पहला पैरा एशियाई खेल 2010 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित किया गया था, जहां भारत एक स्वर्ण सहित 14 पदकों के साथ 15वें स्थान पर रहा था। 2014 और 2018 संस्करण में भारत क्रमशः 15वें और नौवें स्थान पर रहा था।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।